संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 13 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 70 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में कानूनी पहलुओं पर चर्चा।

## भारत और मॉरीशस के बीच 8 अहम समझौते

● समुद्री सुरक्षा और स्थानीय मुद्रा व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8 समझौता हुए

**समझौता**

▶▶ मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत और मॉरीशस के बीच वित्तीय अपराध की रोकथाम, छोटे एवं मझोले उद्यम, सार्वजनिक सेवा क्षमता निर्माण, समुद्री सुरक्षा और स्थानीय मुद्रा व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। साथ ही सेंट ब्रैंडन द्वीप का एक नौसैनिक चार्ट भी सौंपा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए संबंधों को अपग्रेड करने की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को लेकर एक्स पोस्ट में कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के विशेष अवसर पर उन्हें अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम से मिलने और भारत-मॉरीशस दोस्ती की पूरी श्रृंखला पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने अपनी साझेदारी को एक बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। हमने इस बारे में बात की कि हम बुनियादी ढांचे, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और बहुत कुछ जैसे क्षेत्रों में एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। हम एआई, क्षमता निर्माण और स्थायी विकास जैसे क्षेत्रों में अधिक जमीन को शामिल करने पर भी सहमत हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के विकास के लिए भारतीय प्रतिबद्धता को दोहराया और उच्च-प्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं के चरण-दो तथा मॉरीशस के लिए एक नए संसद भवन के निर्माण के लिए समर्थन की घोषणा की।
दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से मॉरीशस में भारत-सहायता प्राप्त सिविल सर्विस कॉलेज का उद्घाटन किया।



### मोदी ने मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आज मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और विपक्ष के नेता जॉर्जेस पियरे लेसजॉन्गार्ड से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को पोर्ट लुईस में एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस को ग्लोबल साउथ के बीच एक सेतु बताते हुए कहा कि मॉरीशस सिर्फ साझेदार देश नहीं बल्कि भारत के परिवार का हिस्सा है। मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा के आखिरी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## हरियाणा में बन गई ट्रिपल इंजन की सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के 10 नगर निगमों में से 9 पर बीजेपी ने जीत हासिल की है। वहीं, मानेसर से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत हासिल की है। कांग्रेस का एक भी मेयर नहीं बना है।

**लगातार तीसरी बार मेयर बनीं रेणु बाला गुप्ता**

करनाल नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता लगातार तीसरी बार मेयर बनी हैं। नगर निगम गठन के बाद पहले चुनाव में रेणु बाला गुप्ता ने पहले पार्षद पद का चुनाव जीता था। इसके बाद पार्षदों ने उन्हें मेयर बनाया था। इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गई थी। वर्ष 2018 के चुनाव में रेणु बाला गुप्ता को मेयर पद की टिकट मिली।






# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की एक अनुपम मिसाल है, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी दूरदृष्टि, नीतिगत दृढ़ता और राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट



प्रतिबद्धता हमें निरंतर जनसेवा और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने ईश्वर से आडवाणी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें सदा प्राप्त होता रहे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करके विकसित दिल्ली को लेकर चर्चा कर रही है। इसके अलावा दिल्ली बजट को लेकर मुख्यमंत्री महिलाओं, शिक्षाविदों और व्यापारियों से संवाद करके उसके सुझाव ले रही है।

# एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड यूनिट ने शातिर वाहन चोरों को दबोचा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड यूनिट ने 10 महीने में करीब 100 लग्जरी गाड़ियां चुरा चुके तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रवि उर्फ महेश, मोनू उर्फ मनीष और कालू के रूप में हुई है। इनमें से रवि और मोनू आपस में साढ़ू है। ये लोग पुलिस से बचने के लिए वॉकी टॉकी का इस्तेमाल करते थे। क्योंकि इन्हें पता था कि मोबाइल से बात करने पर उनके लोकेशन के बारे में पुलिस पता लगा सकती है। जांच में पता चला है कि आरोपित खास कर क्रेटा, फॉर्च्यूनर, ब्रेजा जैसी लग्जरी गाड़ियों को निशाना बनाते थे जो जिम के आसपास खड़ी होती थी। इनसे पांच लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं। इनमें से फॉर्च्यूनर, क्रेटा और ब्रेजा शामिल हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) राजेश अग्रवाल, पुत्रः** बनवारी शंकर, **पताः** मकान नं.561/2 मंगल बाजार एन. ब्लॉक पूनम स्वीट संगम विहार, **दिल्ली (2) साजिद पुत्रः** आज़ाद, **पताः** मकान नं. 501, विश्राम वाली गली भवन देवी पुरी प्रथम बुलंद शहर, **उत्तर प्रदेश एवं** मकान नं. जी 379 दक्षिण पुरी अंबेडकर नगर, **दिल्ली (3) संजय उर्फ संजू शर्मा, पुत्रः** राजबीर शर्मा **पताः** मकान नंबर 411 गली नंबर 12 स्कूल के पास हरी नगर एक्सटेंशन जैतपुर गांव, **नई दिल्ली FIR No. 609/2018 Dt. 08.10.2018, U/s: 3/4 Delhi Public Gambling Act, पुलिस थानाः जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेश अग्रवाल (2) साजिद, (3) संजय उर्फ संजू शर्मा** मिल नही रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेश अग्रवाल (2) साजिद, (3) संजय उर्फ संजू शर्मा**, फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेश अग्रवाल (2) साजिद, (3) संजय उर्फ संजू शमा, FIR No. 609/2018 Dt. 08.10.2018, U/s: 3/4 Delhi Public Gambling Act, पुलिस थानाः जैतपुर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवि बंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण पूर्व कमरा नंबर 09 मुख्य भवन
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2668/SE/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एनआईटी | 01, 02, 03, 04 - 2025-26- डब्ल्यू-4 | | | |
| **काम का नाम (स्थान के साथ) : 01.** एडीईएन/आरओके के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीजीजेड खंड में बहादुरगढ़ में एलएचएस और रेलवे क्वार्टरों की विसंगतियां। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | | | | |
| **02.** DEN-IV के अंतर्गत ADEN/ROK अनुभाग में सेवा भवन में जलरोधी छत उपचार और छत प्रतिस्थापन। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | | | | |
| **03.** ए.डी.ई.एन./आर.ओ.के. अनुभाग में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से यार्ड जल निकासी में सुधार। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | | | | |
| **04.** एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के समानांतर पुराने रेलवे ट्रैक को हटाने के साथ–साथ आरओके–पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1–बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और ड्यूटी हट का स्थानांतरण, आरओके–पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1–बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और ड्यूटी हट का स्थानांतरण, **कार्य की समान प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण | | | | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | **01.** रुपये 7000076.21 | **02.** रुपये 19976060.86 | | |
| | **03.** रुपये 39999777.37 | **04.** रुपये 6532319.14 | | |
| **अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया हैं उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) | | | | |
| **01.** रुपये 140000.00 | **02.** रुपये 249900.00 | **03.** रुपये 350000.00 | **04.** रुपये 130700.00 | |
| काम की समाप्ति अवधि | **01.** 06 महीने | **02.** 09 महीने | **03.** 09 महीने | **04.** 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 04.04.2025 को 15:00 बजे तक तथा 04.04.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना हैं। | | | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | |

सं. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-01, 02, 03, 04 दिनांक: 11.03.2025 772/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## होली को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नई दिल्ली।** अगर आप होली के मौके पर राजधानी की सड़कों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने के बारे में सोच रहे हैं तो जरा होशियार हो जाइये, क्योंकि दिल्ली पुलिस आपके इस मनसूबे पर पानी फेरने के लिए सुबह से ही दिल्ली की सड़कों पर मुस्तैद रहेगी। दिल्ली पुलिस ने होली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ऐसी 24 जगहों को चिह्नित किया है, जो सबसे अधिक संवेदनशील है। दिल्ली पुलिस ने ऐसे स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस का मानना है कि इन इलाकों में कभी भी किसी भी वक्त लोग हिंसक हो सकते है। ऐसे में इन इलाकों में पुलिस के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है। इस बार 14 मार्च को होली और जुमा एक साथ पड़ रहा है।

# आआपा तेजी से अपने पतन की ओरः वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज कहा है कि आम आदमी पार्टी बहुत तेजी से अपने पतन की ओर बढ़ रही और वह दिन दूर नहीं, जब आआपा विपक्षी दल का दर्जा भी खो देगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आआपा ने महिला समृद्धि योजना को लेकर दिल्ली वालों को गुमराह करने की कोशिश की और जब आठ मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने योजना को लेकर बजट एवं समबद्ध घोषणा कर दी तो अब वह होली पर गैस सिलेंडर को लेकर गुमराह करना चाह रहे हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज संचार एवं सोशल मीडिया के युग में लोग भलीभांति जानते हैं कि फ्री गैस सिलेंडर जैसी बड़ी



योजना प्रारम्भ करने की प्रशासनिक स्वीकृतियां एवं नियम बनाने के काम में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि आज अनेक भाजपा शासित राज्यों में फ्री गैस सिलेंडर नियमित दिए जा रहे हैं और शीघ्र दिल्ली में भी दिए जाएंगे। आआपा नेता कितनी मर्जी बयानबाजी कर लें, आराजक प्रदर्शन कर झूठ बोल लें पर दिल्ली की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आराजक टकराव एवं झूठ की राजनीति ने आआपा नेताओं को सत्ता से बाहर किया और अब विपक्ष के रूप में भी जारी उनका आराजक टकराव एवं झूठ की राजनीति आआपा को दिल्ली की राजनीति से ही साफ कर देगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शकील** पुत्र **नसीर अहमद उर्फ पप्पू** निवासी **म.नं. ई–13सी, झुग्गी नं. 251, जे–ब्लॉक, सीलमपुर, दिल्ली** ने **case FIR No. 240/2022 U/s 380/411/34 IPC, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **शकील** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शकील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **case FIR No. 240/2022 U/s 380/411/34 IPC, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शकील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3153/NE/2025(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **राम प्रसाद कामत, पुत्रः बीरबल कामत, निवासीः मकान नंबर 272, गांव नाहरपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.940/2021 U/S 188 IPC** के तहत एक मामला **थाना रानी बाग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **राम प्रसाद कामत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **राम प्रसाद कामत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है).

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.940/2021 U/S 188 IPC, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **राम प्रसाद कामत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3138/OD/2025
(अदालती मामला)

# औद्योगिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः मनजिंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने औद्योगिक क्षेत्र में कचरा प्रबंधन, बिजली, पानी, सड़कों और ड्रेनेज जैसी सेवाओं को बेहतर करने पर जोर दिया है। उन्होंने आज कहा कि हम दिल्ली में उद्योगों को बढ़ाने और पर्यावरण को बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ह्यविकसित दिल्लीह्व के लिए यह हमारा मुख्य लक्ष्य है। सिरसा ने बुधवार को उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वर्तमान में चल रहे इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स और नीतियों पर चर्चा की। बैठक का मुख्य लक्ष्य औद्योगिक कचरे से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना और औद्योगिक कचरे के निस्तारण पर केंद्रित रहा। बैठक में मंत्री ने कहा कि राजधानी दिल्ली में इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा जरूरी है। इसके लिए उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ इंडस्ट्री विभाग की कार्य प्रगति को लेकर हर हफ्ते समीक्षा बैठक करने का फैसला किया। मंत्री सिरसा ने बैठक में नई प्रस्तावित औद्योगिक नीति और उसमें दी जाने वाली सुविधाओं पर उद्योग विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा अहम मुद्दा है। इसी पर उन्होंने प्रदूषण को कम करने पर भी विशेष जोर दिया। सिरसा ने बैठक में वर्तमान समय में चल रहे ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स की भी समीक्षा की।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज कुमार सिंह**, निदेशक, वेरबेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **पताः** नं. 113–ए प्रथम तल, ग्रेटर कैलाश–I, नई दिल्ली, **पताः** बी–113, चतुर्थ तल, सैक्टर–64, नोएडा, ने **CC No. 11016/19 U/s 138 NI ACT थानाः पहाड़गंज, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 11016/19 U/s 138 NI ACT थानाः पहाड़गंज, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार सिंह,** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रेया सिंह
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3038/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनवर पुत्र** बाबू खान **निवासी** मकान नं0 378, गली नं0–5, एमसीडी स्कूल के सामने, श्रीराम कॉलोनी, खजूरी, दिल्ली, ने **FIR No. 327/19, U/S 498A/406/34 IPC & 4DP Act, पुलिस स्टेशन वेलकम, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 327/19, U/S 498A/406/34 IPC & 4DP Act, पुलिस स्टेशन वेलकम, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनवर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा-I
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01,
कमरा नं0 56, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3076/NE/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-07-2025 | 27.03.2025 को 11:00 बजे | दिल्ली (प्रथम प्रवेश), पानीपत (कार), साहिबाबाद, ओखला, सांपला (द्वितीय प्रवेश) = कुल 5 साइटें |
| Parking-08-2025 | 28.03.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर) = कुल 1 साइट |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | http://ireps.gov.in/ | |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | |
| **आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है : 1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नही है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। | | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 | |

संख्या - No. 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांकः 12.03.2025 790/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रोहिंग्या-बांग्लादेशियों पर दिल्ली में एक्शन, 24 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस कमिश्नर के बीच एक अहम बैठक हुई थी, जिसमें दिल्ली की सुरक्षा और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों-रोहिंग्याओं का मुद्दा प्रमुख रहा। इस बैठक के बाद पुलिस ने इन घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने 11 बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया, जबकि दक्षिण जिला पुलिस ने 13 अन्य बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर दिल्ली पुलिस ने 24 बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## संबंध-विच्छेद

मैं जो कि मनोज कुमार पुत्र बलवान सिंह निवासी गांव पुगथला तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा मेरी पत्नी अंकिता रानी से तलाक हो चुका है और मेरा अब अंकिता रानी से कोई संबंध नहीं है। अंकिता रानी से लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि मनोज कुमार पुत्र बलवान सिंह निवासी गांव पुगथला तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा मेरी पत्नी अंकिता रानी से तलाक हो चुका है और मेरा अब अंकिता रानी से कोई संबंध नहीं है। अंकिता रानी से लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं हो
मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।


## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# इंद्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पूरे** देश में होली मंगल मिलन समारोह की धूम मची हुई है। इसी क्रम में आदर्श नगर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित प्राचीन शिव मंदिर में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंद्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति ने किया। साथ ही नवनियुक्त विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनंदन भी किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के भव्य स्वागत से हुआ। अतिथियों को चंदन का टीका लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत हुआ। इसके उपरांत फूलों की होली खेली गई। जहां होली के गीतों पर सभी थिरके और एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

**गिला-शिकवा दूर कर मनाए होली का त्यौहार:** इस मौके पर विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि हम सभी को होली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाना चाहिए।



राजकुमार भाटिया ने आगे कहा कि होली सभी मिलकर एक दूसरे से गिला शिकवा दूर करके गले लगाते हुए और भाईचारे के साथ मनाते हैं। यह त्यौहार हम सभी को एक साथ जोड़ने के लिए मनाया जाता है। साथ ही राजकुमार भाटिया ने बुजुर्गों से आह्वान किया वे स्कूटी न चलाएं, फिसलने का डर रहता है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को फूलों की होली खेलने के लिए प्रेरित किया।

**ये लोग रहे मौजूद:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, पार्षद नेहा अग्रवाल, पूर्व विधायक पवन शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, संस्था के मुख्य संरक्षक नवीन त्यागी, प्रधान ओम प्रकाश कौशिक, उप प्रधान कपूर सिंह दहिया, महासचिव होशियार सिंह मुदग्ल, सचिव देशराज गुप्ता, सचिव सुभाष कादियान कोषाध्यक्ष राजकुमार, संरक्षक सुनील अवस्थी, हरिश भारद्वाज, राज सिंह दहिया, चंद्रमुनि त्यागी, सुरेंद्र त्यागी, चौधरी ओम प्रकाश, चौधरी इंद्र सिंह, सूरजभान कादियान, किशन गोपाल, चौधरी स्वराज, पद्म सिंह, विक्रम सोमानी, मोहर सिंह, अर्चना त्यागी, नीरा निझावन, बिंदिया त्यागी, चंद्र शेखर शर्मा, राजपाल जैन, मास्टर महिपाल मान, जयप्रकाश, इंद्रजीत सिंह, एक्शन इंडिया के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज की मौजूदगी रही।



**नवीन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सिविल लाईन जोन-** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों को होली की बधाई देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।












# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में की घोषणा

**जांच का ऐलान**

**अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो पूरी जांच करवाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने आज सदन में घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रोहतक - गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जाँच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में एक कमेटी का गठन किया जायेगा। करनाल मंडलायुक्त और जिला उपायुक्त रोहतक इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी पीर बोधी मुद्दे से संबंधित सारे तथ्य और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सदन में सदस्य द्वारा उठाये गया पीर बोधी मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिए, और अब तक की जाँच में जो तथ्य सामने आये हैं इसमें खुलासा हुआ कि 1967-68 में यह भूमि शामलात देह भूमि थी। वर्ष 1990 में यह भूमि भारत सरकार द्वारा पंजाब वक़्फ बोर्ड के नाम अधिसूचित कर दी गई। तत्पश्चात, यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज की गई। अब यह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात देह भूमि को वक्फ बोर्ड को कैसे स्थानांतरित किया गया ये बड़ा गंभीर विषय है। इसके पीछे कौन सी ताकतें थीं और कौन लोग थे और उन्होंने कैसे इसको वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया। अब 2024 में एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद यह जमीन वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में आई तथा अब लीज पर दी हुई है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जोहड़, तालाब और जलाशय के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया। इसमें

## हरियाणा की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ: मुख्यमंत्री सैनी

**सुशासन**

**आज के नतीजों ने यह साबित कर दिया कि हरियाणा की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विधान सभा में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज के नतीजों ने यह साबित कर दिया कि हरियाणा की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनता ने बड़े बहुमत के साथ प्रदेश के नॉनस्टॉप विकास के लिए शहरों को आज तीसरा इंजन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के मार्ग में ग्रामीण आँचल के साथ साथ शहरों की एक बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए चुने हुए नेतृत्व में शहरों की सरकारे जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य और जन सेवा को और अधिक गति प्रदान करेंगी। नायब सिंह सैनी ने शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए निकाय चुनावों के लिए प्रदेश की जनता, राज्य चुनाव आयोग और चुनाव की प्रक्रिया से जुड़े तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया।

## मंत्री-विधायक विवाद में विधानसभा में हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम के बीच मंगलवार को विधानसभा में हुए विवाद को लेकर बुधवार को भी सदन गरमा गया। कांग्रेस ने भाजपा के दोनों विधायकों के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव लाने की बात की। जिसे स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने खारिज करते हुए सत्तापक्ष व विपक्ष को मर्यादाओं में रहने की नसीहत दी। बाद में कांग्रेस विधायकों ने इस मुद्दे को लेकर सदन से वॉकआउट भी किया। आज जब यह पूरा विवाद चल रहा था, तो अरविंद शर्मा सदन में नहीं थे और उन पर आरोप लगाने वाले सफीदों विधायक रामकुमार गौतम सीट पर ही बैठे रहे। प्रश्नकाल के तुरंत बाद पूर्व स्पीकर व थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने सदन में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक विधायक ने कैबिनेट मंत्री पर 10 लाख रुपये के आरोप लगाए हैं। यह गंभीर मामला है, इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। स्पीकर ने कहा कि लिखित में शिकायत आएगी तो सरकार संज्ञान लेगी। अरोड़ा ने कहा कि सरकार के मंत्री पर सदन के भीतर आरोप लगे हैं। विधानसभा की कमेटी बनाकर इस मामले की जांच होनी चाहिए। संसदीय कार्य मामले मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने मंगलवार को हुई घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि अशोभनीय व्यवहार सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हुआ, वह दुखदायी था। उस समय ऐसा माहौल बन गया था और भावनाओं में आकर ऐसी बातें सामने आईं। पूर्व स्पीकर व बेरी विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादियान ने फिर से मुद्दे को उछालते हुए कहा कि सदन में आरोप लगना बहुत गंभीर मामला है। इस पर स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि दोनों की ओर से इस्तेमाल किए गए मर्यादित शब्दों को कार्यवाही से हटाया जा चुका है।

**न्यूज़ फ्लैश**

### हर घर नल और नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के प्रति समर्पित है सरकार: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हरियाणा सरकार हर घर नल और नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के प्रति समर्पित है। बरोदा हल्के में 49.41 करोड़ रुपए की लागत से जन स्वास्थ्य विभाग कार्य करवा रहा है और अब तक 27 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। यह जानकारी उन्होंने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि हलके के 67 गांवों में से 61 गांवों में 40 जलघरों के माध्यम से नहर आधारित जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा 6 गांवों में 10 नलकूपों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की गई है।

### सोलर-फेंसिंग पर 50 प्रतिशत तक दिया जाता है अनुदान: राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी फसलों की सुरक्षा के लिए लगाई जाने वाली सोलर-फेंसिंग पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। अगर कोई किसान बागवानी विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार सोलर-फेंसिंग के तार बाजार से खरीद करता है तो उसको अनुदान का लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य के किसान अपनी बागवानी फसलों की आवारा पशुओं से सोलर-फेंसिंग के माध्यम से सुरक्षा कर सकते हैं। अभी तक राज्य के 7 जिलों के किसानों ने सरकार की इस योजना का लाभ उठाया है।

### राज्य सरकार प्रदेश में मजबूत और क्वालिटी युक्त सड़क बनाने के लिए प्रतिबद्ध: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में मजबूत और क्वालिटी युक्त सड़क बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि पिहोवा से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गेट नंबर 3 तक की सड़क का मरम्मत कार्य चल रहा है। जल्द ही मजबूत सड़क बना दी जाएगी। मंत्री रणबीर गंगवा हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पिहोवा से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गेट नंबर 3 तक की सड़क की कुल लम्बाई 22 कि.मी. है जिसमें से लगभग 5 किलोमीटर सड़क अच्छी स्थिति में हैं बाकी सड़क के सुधारीकरण का कार्य तेजी से आगामी समय में करवाया जायेगा।

### फरनियों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य पंचायती राज संस्थाओं के तहत आता है: पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि फिरनियों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य पंचायती राज संस्थाओं जैसे ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद की कार्यात्मक जिम्मेदारी के अंतर्गत आता है और उनके द्वारा अपने स्वयं की निधि और सरकारी निधि से कार्य करवाए जा रहे हैं।विकास एवं पंचायत मंत्री आज विधानसभा में बजट सत्र के दौरान विधायक कुलदीप वत्स द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। पंवार ने बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के 14 गांव (बजितपुर, बुपानिया, छबीली, दादरी तोए, कासनी, खेरका गुज्जर, लाडपुर, मुबारिकपुर, मुंडाखेरा, पेलपा, समसपुर माजरा, सिकंदरपुर, सुबाना और तुम्बाहेड़ी) में फिरनियों की स्थिति अच्छी है। उन्होंने बताया कि तीन गांव याकुबपुर, औरंगपुर और कोट के फिरनियों का कार्य प्रगति पर है।

## प्रदेश में बनी ट्रिपल इंजन सरकार: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रदेश में हुए शहरी निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितैषी नीतियों व जनता-जनार्दन के लगातार बढ़ रहे भरोसे को दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव क्षेत्र में जन-जन तक पार्टी नीतियों व संकल्प पत्र के माध्यम से बनाए माहौल से आज प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। आज यहां निकाय चुनाव परिणाम पर जारी प्रतिक्रिया में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरे चुनाव में प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में निगम, परिषद, पालिका चुनाव के परिणाम यह दर्शा रहे हैं कि जनता का भरोसा केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर निरन्तर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अगुवाई में निकाय चुनाव में 10 में से 9 नगर निगमों में भाजपा के मेयर बनना व अधिकांश भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का बड़े अंतर से जीत ने विरोधियों के हौंसले पस्त कर दिए हैं।

## जनता ने एक बार फिर भाजपा के संकल्पों पर सहमति जताई: डा. पूनिया

**भाजपा सरकार गांवों और शहरों के संतुलित विकास के लिए समर्पित है: डा. पूनिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि निकाय चुनाव में जनता ने एक बार फिर भाजपा के विचार और नीतियों तथा नॉन स्टॉप हरियाणा के संकल्प पर सहमति जताई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया लिखा कि भाजपा की सरकार गांवों और शहरों के संतुलित विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए हरियाणा की जनशक्ति का हृदय से अभिनंदन और बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश की जनता को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के सत्ता और संगठन के बेहतर तालमेल तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम को हरियाणा की जनता ने भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है। जनता ने प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा पर भरोसा जताया है। डा. पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और विकास की राजनीति की यह एक और बड़ी जीत है। इस ऐतिहासिक जीत से निश्चित तौर पर हमारे कार्यकर्ताओं को और अधिक ऊर्जा के साथ जनसेवा का मौका मिला है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। चुनाव में लगातार मिल रही जीत ने तय कर दिया है कि जनता विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता के विश्वास पर खरा उतर रहे हैं।

## बवानी खेड़ा में स्टेडियम और सिटी पार्क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाएगा: गोयल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि बवानी खेड़ा में चिन्हित की गई भूमि से हाई टेंशन तारों को हटाकर स्टेडियम और सिटी पार्क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाएगा। यह जानकारी उन्होंने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि बवानी खेड़ा में वाल्मीकि स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। चिन्हित भूमि पर हाई-टेंशन तार गुजरने के कारण यह घोषणा व्यवहार्य नहीं पाए जाने पर इसे छोड़ा गया था। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से बैठक की है जल्द ही हाई टेंशन तारों को हटाकर चिन्हित 15 एकड़ भूमि पर दोनों कार्यों को सिरे चढ़ाया जाएगा।

## नगर निगम के भवन का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि यमुनानगर में नगर निगम के भवन का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। विपुल गोयल हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस भवन निर्माण के लिए चिन्हित की गई जमीन का मामला कोर्ट में चले जाने के कारण रुक गया था अब नए सिरे से जगह चिन्हित की गई है, जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी करके कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

## तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर अरबों रूपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए: अदित्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** बजट सत्र के चौथे दिन इनेलो द्वारा दिए गए अवैध तरीके से कबूतरबाजी और गांवों के तालाबों में दूषित पानी बारे दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सदन में इनेलो विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने गांवों के तालाबों में दूषित पानी की स्थिति पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि आज गावों का गंदा पानी तालाबों में छोड़ा जा रहा है। सरकार द्वारा तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए अमृत सरोवर योजना चलाई गई है और अरबों रूपए खर्च करने के बावजूद तालाबों की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च किए गए अरबों रूपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। गांव के लोगों में सरकार के प्रति भारी रोष है। सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करे। सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछते हुए कहा कि सरकार जवाब दे कि अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब प्राधिकरण का गठन किया गया तो तालाब प्राधिकरण ने ग्राउंड वाटर रिचार्ज करने और पीने के स्वच्छ पानी के लिए क्या काम किया? दूसरा सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछा कि तालाबों की कितनी कैपेसिटी बढ़ाई गई? तीसरा जो मंत्री ने बताया कि 2200 तालाबों के सौंदर्यीकरण पर 580 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं लेकिन



बावजूद इसके तालाब दूषित हैं तो स्पष्ट है कि बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इस भ्रष्टाचार में कितने ठेकेदारों को पकड़ा गया? कितनी अनियमितताओं की रिपोर्ट बनी? सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

**कबूतरबाजी करके एजेंट भोले भाले बेरोजगार युवाओं से लाखों रूपए ऐंठने का काम कर रहे हैं: अर्जुन चौटाला**

अवैध तरीके से विदेश भेजकर कबूतरबाजी करने वाले एजेंटो के खिलाफ कार्रवाई बारे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि अवैध तरीके से कबूतरबाजी द्वारा हरियाणा के हजारों युवाओं को अमेरिका भेजा गया और अभी भी जारी है। कबूतरबाजी करके एजेंट भोलेभाले बेरोजगारी से मजबूर युवाओं से लाखों रूपए ऐंठने का काम कर रहे हैं। हाल ही में अमेरिका ने अवैध रूप से गए लोगों को हथकड़ियां लगाकर बेइज्जत करके वापिस भेजा है।

## पूंडरी में शहरों की तर्ज पर सुविधा देने की योजना पर कार्य किया जा रहा: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि पूंडरी हलके के तीन गांवों में महाग्राम योजना के तहत शहरों की तर्ज पर सुविधा देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। हाबड़ी ,पबनावा और करोड़ा गांव में उक्त योजना के तहत कार्य किया जाना है। इनमें से जिन गांवों में जमीन उपलब्ध होने संबंधी प्रस्ताव मिल चुके हैं उनमें जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार महाग्राम योजना के तहत प्रदेश के 10000 से अधिक आबादी के गांव में शहरों की तर्ज पर सीवर और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पुंडरी हल्के में पाई गांव में इस योजना के तहत काम लगभग पूरा हो चुका है।




## सीएम ने चंडीगढ़ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या यात्रा बस को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बस को रवाना करने से पहले बस में सवार तीर्थ यात्रियों से बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी उसी का एक हिस्सा है, जिसमें प्रदेश सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवा रही है। इस योजना में वे परिवार शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए तक या इससे कम है। इस यात्रा में अंबाला व पंचकूला के लगभग 46 यात्री शामिल हैं।




## राज्यपाल अभिभाषण पर अर्जुन चौटाला ने बीजेपी सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राज्यपाल अभिभाषण पर बोलते हुए अर्जुन चौटाला ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण द्वारा सरकार ने सिर्फ झूठे आंकड़े सदन में रखे हैं। सरकार दावा करती है कि हरियाणा एकमात्र प्रदेश है जो 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदता है। तो फिर खोपरा, नाइजर सीड, कुसुम, रागी और जूट की फसल जो हरियाणा में होती ही नहीं है उनको कैसे एमएसपी पर खरीदा? फिर यह भी दावा किया गया कि हरियाणा सरकार ने 12 लाख किसानों की फसल एमएसपी पर खरीद कर 1 लाख 25 हजार करोड़ रूपए किसानों के खाते में डाले। इसमें सरकार ने किसानों पर कोई



एहसान नहीं किया क्योंकि यह राशि किसानों की फसल की कीमत है। अगर किसान कहीं और भी अपनी फसल को बेचेगा तो भी उसको फसल की कीमत मिलेगी। सरकार की उपलब्धि तब होती जब सरकार एमएसपी पर बोनस देकर फसल खरीदती। सरकार एमएसपी की बात करती है लेकिन कभी यह देखा है कि किसान का खर्चा कितना लग रहा है। पिछले दस सालों में एमएसपी पर लगभग 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। जब बात खर्चे की आती है तो पिछले दस साल में जहां डीएपी का रेट बढ़ाया है वहीं 50 किलो के कट्टे को 40 किलो कर दिया है। दवाइयों और डीजल का रेट बढ़ा है। धातु जिससे खेती के उपकरण बनते हैं उसका रेट 10 साल पहले 3700 रूपए प्रति क्विंटल था जो अब बढ़कर 6000 रूपए प्रति क्विंटल हो गया है। पहले टैक्स नहीं लगता था लेकिन अब जीएसटी लगाया जाता है। इसलिए किसान स्वामीनाथन रिपोर्ट में जो एमएसपी सी2+50 प्रतिशत दी जाने की सिफारिश की गई है उसकी मांग कर रहा है। सरकार फसल बीमा योजना से किसानों को लाभ देने की बात करती है लेकिन सरकार के दावों के उलट किसानों को फसल बीमा नहीं मिल रहा है। भिवानी और दादरी में किसानों को फसल नुकसान का 281 करोड़ रूपए का क्लेम की घोषणा की गई थी। सरकार ने इसकी स्टेट टेक्निकल एडवाइजरी से सिफारिश मांगी गई। 1 अगस्त 2024 को इस कमेटी को भंग कर दिया गया बावजूद इसके उस कमेटी ने 20 अगस्त 2024 को 200 करोड़ रूपए का क्लेम रद्द कर दिया और सरकार ने इस अवैध निर्णय की स्वीकृति भी दे दी। पिछले 5 सालों में बागवानी में लगभग 350 करोड़ रूपए की कटौती की गई है। बागवानी का जो बजट 1100 करोड़ रूपए होता था उसे घटाकर लगभग 680 करोड़ रूपए कर दिया है। इस कटौती के कारण बागवानी का जो उत्पादन 14 लाख एमटी हो था वो आधा घटकर 7 लाख एमटी हो गया है। सिरसा में 1800 हेक्टेयर में प्रॉन की खेती होती है जिसको

# अंबाला कैंट में नगर परिषद के चुनावों की मतगणना शांतिपूर्वक सम्पन्न

## एसडीएम ने विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देकर बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः नगर परिषद** अम्बाला छावनी में 32 वार्डों के तहत अध्यक्ष व पार्षद पदों के लिए हुए मतगणना की गिनती शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार ने सभी विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देकर उन्हें बधाई दी। मतगणना की प्रक्रिया सामान्य ऑब्जर्वर सरिता मलिक व चुनाव में खड़े प्रत्याशियों व प्रतिनिधि की मौजूदगी में आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत की गई।

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष के तहत बीजेपी प्रत्याशी स्वर्ण कौर ने जीत हासिल की है। उन्होंने 58891 मत हासिल करते हुए अपनी प्रतिद्वंदी आजाद प्रत्याशी मनदीप कौर बब्याल को 26923 मतों से हराने का काम किया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वार्ड नम्बर 1 से आजाद प्रत्याशी रणजीत कुमार उर्फ सोनू गुज्जर ने विजय हासिल की। उन्होंने 1436 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी भारत भूषण को 17 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 2 से भाजपा प्रत्याशी रीना ने विजय हासिल की। उन्होंने 1538 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी रूचि चौधरी को 360 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 3 से भाजपा प्रत्याशी मोहित कौशिक ने विजय हासिल की। उन्होंने 1360 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी लता को 28 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 4 से भाजपा प्रत्याशी शिल्पा पासी ने विजय हासिल की। उन्होंने 1209 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी गीता को 56 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 5 से आजाद प्रत्याशी जीवन कुमार ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1200 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी नानक चंद को 55 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 6 से आजाद प्रत्याशी संदीप शर्मा ने विजय हासिल की। उन्होंने 875 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी उमेद सिंह को 164 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 7 से भाजपा प्रत्याशी संजीव अत्री ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1874 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी शील कुमार नैन को 1092 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 8 से भाजपा प्रत्याशी सोमनाथ ने विजय हासिल की। उन्होंने 1062 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी रोहतास लाल बत्रा को 160 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 9 से भाजपा प्रत्याशी रेनू चौहान ने विजय हासिल की। उन्होंने 1369 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी सुषमा रानी मनचंदा को 659 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 10 से भाजपा प्रत्याशी रमन छतवाल ने विजय हासिल की। उन्होंने 1696 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी अश्वनी कुमार शर्मा को 1131 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 11 आजाद प्रत्याशी नीलम कश्यप ने विजय हासिल की। उन्होंने 1434 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी आंचल सैनी को 486 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 12 से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार ने विजय हासिल की। उन्होंने 1832 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी किरण वर्मा को 1193 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नम्बर 13 से बीजेपी प्रत्याशी ऋतु शर्मा ने विजय हासिल की उन्होंने 2107 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी अंजु बाला को 572 मतों से हराने का काम किया।

# 10 दिन पहले बनी गलियों में अब पेयजल पाइप बिछाने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बसंत विहार** एक्सटेंशन में हाल ही में बनी नई गलियों को अब पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ा जाएगा। नगरपालिका द्वारा करीब 10 दिन पहले इन गलियों का निर्माण पूरा किया गया था, लेकिन अब जनस्वास्थ्य विभाग यहां पाइपलाइन डालने की तैयारी में है। विभाग की कार्यप्रणाली से स्थानीय लोग नाराज हैं। बसंत विहार एक्सटेंशन में नगरपालिका द्वारा डेढ करोड़ रुपये खर्च कर नई गलियों का निर्माण करवाया जा रहा है। कई गलियों का निर्माण 10 दिन पहले ही पूरा हुआ है। जिस वजह से लोगों ने राहत की सांस ली कि अब उन्हें पक्की गलियां मिलेंगी, लेकिन कुछ ही दिनों में जनस्वास्थ्य विभाग ने इन गलियों में पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की योजना बना ली। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब गली निर्माण का काम चल रहा था, तब पाइपलाइन बिछाने की योजना क्यों नहीं बनाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग और नगरपालिका के बीच तालमेल की कमी इस समस्या का मुख्य कारण है। पहले गली बनाई गई और अब उसे तोड़ने की तैयारी हो रही है, जिससे न केवल जनता को परेशानी होगी बल्कि सरकारी धन की बर्बादी भी होगी।

# रेडक्रॉस ने किया टीबी स्क्रीनिंग-स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में टीबी स्क्रीनिंग-स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीबी मुक्त भारत मुहिम को आगे बढ़ाते हुए रेडक्रॉस व टीबी विभाग ने लिबर्टी पुरम जीटी रोड कुटैल में टीबी परियोजना के अंतर्गत एक स्क्रीनिंग-स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में लिबर्टी मैन्युफैक्चरर यूनिट में कार्यरत कर्मचारियों में 122 पुरुषों व महिलाओं ने टीबी व शुगर की जांच करवाई। ताकि जांच उपरांत सही इलाज करवाया जाए। टीबी जांच शिविर में आए लोगों की एक्सपर्ट द्वारा काउंसलिंग की गई और बताया कि लगातार 4-5 दिन की खांसी हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करवाएं और सही समय पर दवाइयां लें और खानपान का सही ख्याल रखें।

# शिक्षक शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली का महत्त्वपूर्ण योगदान- प्रो. टंकेशवर कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार 12 मार्च को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक शिक्षा मे भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण विषय पर केंद्रित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत पुरातन काल से ही शिक्षा व्यवस्था जनमानस के लिए और समाज व देश के विकास में योगदान देने वाली रही है। उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवश्य ही इस संगोष्ठी के माध्यम से इस दिशा में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय में शिक्षा पीठ के अधिष्ठाता प्रो. आर.पी. अहलावत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जबकि संगोष्ठी के संयोजक प्रो. नंद किशोर ने संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजन में सम्मिलित मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रो. पवन कुमार शर्मा ने विस्तार से विषय की महत्ता का उल्लेख किया और उसके भारतीय संदर्भों को प्रस्तुत किया। आयोजन के उद्घाटन सत्र के अंत में शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र के बाद द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ की प्रो. नंदिता सिंह शुक्ला ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और विषय के विभिन्न पक्षों से अवगत कराया। इसी क्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. प्रवीन कुमार तिवारी ने भी प्रतिभागियों को भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षक शिक्षा की महत्ता और उसके योगदान से अवगत कराया। आयोजन में भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करने पर केंद्रित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. अमिता पांडेय भारद्वाज ने ऑनलाइन माध्यम से की तथा सहअध्यक्षता प्रो. प्रमोद कुमार ने की। मद्भागवतगीता और भारतीय दर्शन में नेतृत्व व प्रबंधन आधारित शैक्षणिक संस्थान पर केंद्रित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. प्रवीन कुमार तिवारी ने की तथा सहअध्यक्षता प्रो. दिनेश कुमार चहल ने की। तीसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. अजय कुमार सिंह ने तथा सहअध्यक्षता प्रो. आर.पी. अहलावत ने की। चौथे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. कौशल किशोर ने तथा सहअध्यक्षता डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत ने की। पांचवे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. पवन कुमार शर्मा ने तथा सहअध्यक्षता प्रो. नंद किशोर ने की।

# प्रतिदिन जाम से जूझते है वाहन चालक व जाम में फंसे मासूम बच्चो

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। स्कूलों की छुट्टी** होते ही जाम से रेलवे रोड, देवीलाल चौक की सड़के जूझने लग जाती है। ऐसा एक दिन नही बल्कि प्रतिदिन होता है।

दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी हो जाती है और देवीलाल चौके के पास बादशाही रोड के चौक पर कोई भी पुलिस कर्मी नही होने के कारण वाहनों का जाम लगना आम बात हो गई है। स्कूल की छुट्टी के समय सैकड़ों अभिभावक दोपहिया और चार पहिया वाहनों से बच्चों को लेने जाते है। वे गर्मी में खड़े रहते है। कई स्कूली वाहनों के अलावा लोग जाम में फंस जाते है। इस रोड पर स्थित अधिकांश स्कूलों का अवकाश डेढ़ से दो बजे के बीच में होता है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली त्यौहार–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

### दिनांक 13.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं. | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर, जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड एवं रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर ज., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जं., आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, उसलापुर एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |

### दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंडिहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुजफ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |

### दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | मथुरा जं., सवाई माधोपुर, भवानी मंडी, रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण जं. एवं लोनावाला स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# नवोन्मेष का आह्वान

**शिशिर के** बाद फागुन और चैत आते के साथ वसंत ऋतु की दस्तक होती है। वसंत में प्रकृति अपने सौंदर्य का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र रहती है। उसके अपने दूत बने पक्षी गाकर, वृक्ष और पादप नए पुष्प और पल्लव के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस व्यग्रता का डंका बजाते चलते हैं। फागुन की मदमाती बयार किसी के भी चित्त को उन्मथित किए बगैर नहीं छोड़ती यह सब एक क्रम में कालचक्र की निश्चित गति में आयोजित होता है। प्रकृति नया परिधान धारण करती है। खेतों और बाग-बगीचों में रंगों से अद्भुत चित्रकारी चलती रहती है। पीली सरसों, तीसी के नीले फूल, आम की मंजरी, कोयल की मधुर कूक के बीच प्रकृति एक रमणीय सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। बिना किसी व्यतिक्रम के एक संगति में ये विविधता भरा बदलाव एक नया, अनोखा, आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। नया रमणीय होता है इसलिए मानव चित्त को बड़ा प्रिय लगता है। नए अनुभव के लिए मन में उत्सुकता और उल्लास भरा होता है। अनजाने का आकर्षण अतिरिक्त उत्साह भरता है। वसंत में ऋतु-परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने के लिए विवश करता है। इस आलोड़न के चलते लोग वह नहीं रह जाते जो होते हैं। चित्त के परिष्कार से व्यक्ति कुछ का कुछ बन जाता है। जुड़ने और आत्म-विस्तार से ही मनुष्य होने का अर्थ सिद्ध होता क्योंकि एक अकेला व्यक्ति अधूरा ही रहेगा। दूसरों के बीच और दूसरों से जुड़ कर ही हमें अस्तित्व की प्रतीति हो पाती है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊर्जावान बनाती है। जब कालिदास ने उत्सवप्रियाः मानवाः कह कर उत्सवधर्मिता को मनुष्यता का लक्षण घोषित किया था तो उनके ध्यान में होली जैसे मदनोत्सव ही रहे होंगे जिनमें लोग अपनी भिन्नता से ऊपर उठ कर साझे की अस्मिता रचते हैं। अहंकार की सीमाओं को तोड़ एक अतिक्रामी पहचान बनाने का यह उत्सव ज़िंदगी में नीरसता के विरुद्ध रस की ललकार है। ऊपरी भेदों को रंगों में डुबो कर सब को अपने जैसा बनाने और देखने का उद्योग आपसी सौहार्द की भावना को भी जगाता है। यह दुखद है कि आज अस्मिताओं की घोर लड़ाई चल रही है। बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना निकटता, साझेदारी और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। आज की आधुनिक जीवन-शैली में हम अपने अनोखेपन और दूसरों से अलग पहचान पर बड़ा जोर है। सबकी चाह है कि वस्त्र, भोजन और आभूषण सबकुछ स्टमाइज्ड और डिजाइनर होना चाहिए। अलग लगने और दिखने की अदम्य चाहत से फि जूलखर्ची, ऊब और थकान भी बढ़ रही है। सबसे अलग होने के क्रम में फैशन की दुनिया में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते व्यर्थता का अहसास भी बढ़ता जा रहा है। परंतु सत्य यही है कि जन्म के समय मनुष्य के रूप में जैविक शारीरिक आकार प्रकार में व्यापक समानताएँ होती हैं। फिर समाज में रहते हुए हम अलग नाम, काम और धाम के बीच अपनी मौलिक समानताओं से दूरी बढ़ाते जाते हैं। पर सत्य तो यही है कि हम सिर्फ.एक-दूसरे से भिन्न ही नहीं हैं हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। भिन्नताओं के बीच समानताएँ भी गौरतलब होती हैं क्योंकि उसी की बदौलत संवाद, सहयोग और सहकार संभव होता है। इसलिए समानताओं की पहचान खोजना और अनुभव करना भी बेहद जरूरी है।

# जहां अनुराग और रंग हैं वहां होली है

**सुनील कुमार महला**

> "आकाश नीला होता है, समुद्र भी नीला ही दिखता है। नीला रंग शांति और स्थिरता का प्रतीक है।आप देखिए कि इस जगत में जो कोई भी चीज बेहद विशाल और हमारी समझ से परे है, उसका रंग आमतौर पर नीला है। आकाश और समुद्र इन विशाल चीजों में से एक हैं। वास्तव में नीला रंग शुद्धता, सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर हम किसी दिन स्वयं को बहुत उदास महसूस करते हैं, तो हम नीले रंग की किसी चीज को ध्यान से देखते रहें, इससे हमें थोड़ी राहत महसूस होगी नीले रंग को एकाग्रता, शांत और चिंतनशील होने से जोड़कर देखा जाता है जिस प्रकार पानी बहता रहता है और उसकी तरलता किसी भी चीज को साफ कर देती है, उसी तरह पानी भी किसी के नकारात्मक विचारों को साफ करके किसी व्यक्ति को अच्छी चीजों को देखने का नजरिया देता है"

**14 मार्च 2025 को** होली है। रंगों का त्योहार होली की बात ही कुछ निराली है।होली के दिन जहां एक ओर रंग उड़ते हैं, तो वहीं दिल से दिल भी मिलते हैं। इस दिन लोग आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गालों पर रंग(गुलाल-अबीर) लगाते हैं और ये रंग दिलों में मिठास घोलने का काम करते हैं। हंसी-ठिठोली, हुड़दंग बाजी, उल्लास और खुशियों से सराबोर करने वाला बहुत ही पावन और पवित्र त्योहार है होली। रंगों बिना जीवन हमेशा फीका होता है, इसलिए जीवन में भी रंगों का होना बहुत ही जरूरी है। वास्तव में देखा जाए तो होली 'राग' का त्योहार है, 'रंगों' का त्योहार है। 'राग' का तात्पर्य होता है-'अनुराग' या 'प्रेम'। जहां 'अनुराग' और 'रंग' है, वहां होली है और जहां 'होली' है वहां हंसी है,खुशी है, पवित्रता है, स्नेह है, आपसी सद्भाव है, प्यार है, प्रेम है, बंधुत्व की भावना है। द्वेष और वैर-भाव से परे है होली। होली तो दिलों को मिलाने का मौसम है, आपसी दूरियां सभी मिटाने का मौसम है, होली का त्योहार ही ऐसा है, रंगों में डूब जाने का मौसम है?। प्रकृति भी अपने पावन रंगों में होती है, जब होली के त्योहार का आगमन होता है। कहना चाहूंगा कि राग-रंग से परे होकर रंग जाना ही तो होली है। वास्तव में फाल्गुन के महीने(फाग महीना) में ही जीवन और प्रकृति में उल्लास छाने लगता है, जो होली पर अपने चरम पर होता है। सच तो यह है कि होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से भी रंग जाने की सीख देती है। होली नेह की ज्योति को जगमग करता है। यह रोमांच और प्रेम-आह्वान का त्योहार है।जब होली आती है तो प्रकृति के मनोहारी व लुभावने रूप को निहार कर हर जीव के भीतर राग हिलोरें लेने लगता है। ये भीतर की हिलोरें, जब बाहर प्रकट होती हैं तो उत्सव का रूप ले लेती हैं और रंगों का पर्व होली मनाया जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि होली शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व है।यह वह समय होता है जब पलाश के फूल खिलते हैं और आम्र की मंजरिया महक-महक सी उठतीं हैं। हवाएं, फिजाएं अपना बासंती रंग प्रकृति के कण-कण में उड़ेलती नजर आतीं हैं। ढ़ोलक की थाप, स्वांग निकालना, चंग-डफ, बांसुरी मन को जैसे मोह लेते हैं।जगह-जगह पर



धमाल की धमक हृदय को सुकून और असीम आनंद की अनुभूति प्रदान करती है। होली में रंग हैं और रंग ही जीवन हैं। बिना रंगों के जीवन कुछ भी नहीं है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रंगों में तीन रंग सबसे प्रमुख माने गए हैं-लाल, हरा और नीला। इस जगत में मौजूद बाकी सारे रंग इन्हीं तीन रंगों से पैदा किए जा सकते हैं। जो रंग सबसे ज्यादा हमारा ध्यान अपनी ओर खींचता है- वह है लाल रंग, क्योंकि सबसे ज्यादा चमकीला लाल रंग ही है। मानवीय चेतना में अधिकतम कंपन लाल रंग ही पैदा करता है। जोश और उल्लास का रंग लाल ही है। लाल रंग उत्साह, सौभाग्य, उमंग, साहस और नवजीवन व जोश का प्रतीक है। होली में भी यही है। होली में उत्साह होता है, सौभाग्य का प्रतीक है होली। होली हमें नवजीवन का संदेश देती है, यह होली ही जो हमारी रगों में स्फूर्ति और आनंद का संचालन करती है। देवी (चैतन्य का नारी स्वरूप) इसी जोश और उल्लास का प्रतीक है। वास्तव में, उनकी ऊर्जा में भरपूर कंपन और उल्लास होता है। देवी से संबंधित कुछ खास किस्म की साधना करने के लिए, लाल रंग की जरूरत होती है। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी भी अपनी एक कविता में "लाल गुलाल" की बात करते हैं। वे कहते हैं -"केशर की, कलि की पिचकारी पात-पात की गात संवारी। राग-पराग-कपोल किए हैं, लाल-गुलाल अमोल लिए हैं तरू-तरू के तन खोल दिए हैं, आरती जोत-उदोत उतारी-गन्ध-पवन की धूप धवारी। गाए खग-कुल-कण्ठ गीत शत, संग मृदंग तरंग-तीर-हत भजन-मनोरंजन-रत अविरत, राग-राग को फलित किया री विकल-अंग कल गगन विहारी।' वहीं हरा रंग विश्वास, उर्वरता, खुशहाली, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक है। उर्वरता का तात्पर्य यहां विचारों की उर्वरता से है। हमारे विचार, हमारा मन द्वेष से परे होता है।हरा रंग समृद्धि से जुड़ा है, हमारा जीवन हर प्रकार से समृद्ध हो, यही होली का संदेश है। वैसे भी दर्शन शास्त्र के अनुसार, हरे रंग को उत्?सव के माहौल से भी जोड़ा जाता है। इसलिए होली खेलने में इस रंग (हरे रंग का) महत्व विशेष हो जाता है। प्रकृति से जुड़ा यह रंग हमारे विचारों में हरियाली का आविर्भाव करता है। वहीं पर नीला रंग सबको समाहित करके चलने का रंग है। आकाश नीला होता है, समुद्र भी नीला ही दिखता है। नीला रंग शांति और स्थिरता का प्रतीक है।आप देखिए कि इस जगत में जो कोई भी चीज बेहद विशाल और हमारी समझ से परे है, उसका रंग आमतौर पर नीला है। आकाश और समुद्र इन विशाल चीजों में से एक हैं। वास्तव में नीला रंग शुद्धता, सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर हम किसी दिन स्वयं को बहुत उदास महसूस करते हैं, तो हम नीले रंग की किसी चीज को ध्यान से देखते रहें, इससे हमें थोड़ी राहत महसूस होगी।नीले रंग को एकाग्रता, शांत और चिंतनशील होने से जोड़कर देखा जाता है।जिस प्रकार पानी बहता रहता है और उसकी तरलता किसी भी चीज को साफ कर देती है, उसी तरह पानी भी किसी के नकारात्मक विचारों को साफ करके किसी व्यक्ति को अच्छी चीजों को देखने का नजरिया देता है। पानी जिस तरह बहता रहता है, उसे निकलने के लिए एक छोटी-सी जगह चाहिए होती है, उसी तरह नीला रंग भी रंगों के बीच में अपनी अलग जगह बना ही लेता है। नीला रंग विशुद्ध चक्र (थ्रोट चक्र) को संतुलित रखने में हमारी मदद करता है। विशुद्ध चक्र संचार और अभिव्यक्ति से जुड़ा होता है। समय के साथ होली के रंग व स्वरूप बदलने लगे हैं। कुछ दशकों पहले व अब की होली में काफी अंतर आया है। आज डिजिटल होली खेली जाने लगी है।पहले के दौर में होली सिर्फ रंगों का खेल नहीं, बल्कि यह त्योहार एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता था।लोग समूह में, टोलियों में एक-दूसरे के घर जाकर होली खेलते थे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने की परंपरा थी।समय के साथ इसमें कमी आयी है। पलाश के फूल, हल्दी, मुल्तानी मिट्टी व प्राकृतिक रंगों की होली खेली जाती थी। पाठकों को बताता चलूं कि हमारे वेदों और महाकाव्यों में रंगों का उल्लेख मिलता है, जिसमें इनका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व था। उस समय रंग प्राकृतिक तत्वों से बनाए जाते थे - जैसे हल्दी से पीला, चुकंदर से लाल, फूलों से गुलाबी और नीम के पत्तों से हरा रंग। इन रंगों का उपयोग न केवल सौंदर्य के लिए, बल्कि त्वचा के उपचार के लिए भी किया जाता था। हल्दी का पीला रंग त्वचा को सुरक्षा प्रदान करता था, जबकि चुकंदर से बना लाल रंग रक्त को शुद्ध करने में मदद करता था। इन रंगों का एक और फायदा था कि ये त्वचा के लिए भी सुरक्षित होते थे और शरीर के लिए लाभकारी थे।रासायनिक और अप्राकृतिक रंगों को उतना स्थान नहीं था, जितना कि अब है। अप्राकृतिक व रासायनिक रंग हमारी त्वचा, आंखों के साथ हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर छोड़ते हैं। आज रंगों में सल्फर, असबाब, और भारी धातुओं का इस्तेमाल किया जाने लगा है,पहले लोग गुलाल-अबीर से होली मनाते थे।रासायनिक रंगों के प्रयोग से जलन, रैशेज, आंखों में जलन, और एलर्जी जैसी समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं। साथ ही, पर्यावरण पर भी इन रंगों का बुरा असर पड़ने लगा है। पानी, हवा और मिट्टी को प्रदूषित करने के कारण ये रंग अब एक समस्या बन गए हैं।

## कविता

### रंगों में तेरा नाम-होली

दिकु, सोचा था इस होली तेरे गालों पर गुलाल लगाऊंगा,
तेरी हँसी में रंग घोलूँगा,
तुझे बाहों में समेट जाऊँगा।

तेरी चूड़ियों की खनक संग रंगों की फुहार उड़ेगी,
तेरे संग खेलूँगा वो होली, जो सदियों तक याद रहेगी।

पर देखो, तकदीर ने कैसी साजिश रचाई,
रंग थे हाथों में, मगर तू साथ नहीं आयी।
तेरी चुनरी की भीनी खुशबू में जोगन सा बहक रहा,
तेरी राह तकते-तकते, हर रंग अब फीका सा लग रहा।

इस बार नहीं, पर अगले बरस रंग तुझ पर ही चढ़ाऊँगा,
तेरी आँखों की नमी को दूर कर मैं अपनी होली सजाऊँगा।

तू लौटेगी, इसी आस में मन को समझा रहा हूँ,
ईश्वर से भी जूझ रहा हूँ दिकु, मैं तुझे वापस बुला रहा हूँ।

तेरे बिना हर गुलाल राख सा बिखर जाता है,
हर रंग तुझसे है, वरना मन बस सिर्फ स्याह बन रह जाता है।

संजीव

## सरकारी फाइलें और सूखी दाल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**ऑफिस के** गलियारे में जो चाय वाले की टपरी है, वहाँ एक कुर्सी पर बैठकर फाइलें भी सुस्ता रही थीं। बाबूजी का काम बहुत भारी होता है, इसलिए उनका आराम करना जरूरी था। किसी ने पूछा, "बाबूजी, ये फाइल कब निपटेगी?" बाबूजी ने तोंद पर हाथ फेरते हुए कहा, "देखो भाई, फाइल और चावल दोनों को पकने में समय लगता है। फाइल बिना घूस के और चावल बिना प्रेशर कुकर के नहीं पकते!" अफसर साहब अपनी कुर्सी पर विराजमान थे, मगर उनकी नजरें अपनी ही जेब में रखे सरकारी बजट की फाइल पर टिकी थीं। अचानक चपरासी दौड़ता हुआ आया, "साहब, दाल की कीमत फिर बढ़ गई!" अफसर साहब ने माथे पर शिकन डाली, "ये देश सच में संकट में है! दाल अब सिर्फ सरकारी बैठकों में डिस्कस होने के लिए बची है, खाने के लिए नहीं!" तभी एक ठेकेदार आकर बोला, "साहब, सड़क का बिल पास करवा दीजिए, थोड़ा खर्चा-पानी अलग से रख देंगे!" साहब बोले, "देखो भाई, देश में सड़कें और ईमानदारी दोनों गड्ढे में हैं। लेकिन बिल पास करवाने के लिए सड़क बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है 'चाय-पानी का इंतजाम'!" दफ्तर में फाइलों की उम्र इंसान की उम्र से ज्यादा होती है। एक फाइल 2003 से पड़ी धूल फांक रही थी। अचानक उसे खांसते हुए बाबूजी के सामने रख दिया गया। बाबूजी बोले, "अरे! ये फाइल अभी तक जिंदा है? इसका तो मृत्यु प्रमाण पत्र भी बन चुका होगा!" बाबूजी ने फाइल खोली, अंदर से एक मरी हुई छिपकली निकली। "देखो भाई, ये फाइल इतनी पुरानी हो गई कि खुद इसमें रहने वाले भी स्वर्ग सिधार गए!" साहब ने फाइल देखी और बोले, "इस पर फैसला लेने के लिए एक कमेटी बना देते हैं!" बाबूजी ने धीरे से कहा, "साहब, पिछली बार जब कमेटी बनी थी, तब देश में प्याज 10 रुपये किलो था!" इधर सरकारी अनाज गोदाम में गेहूं और चावल स्टॉक में सड़ रहे थे और उधर सरकारी राशन की दुकान पर गरीब भूखा खड़ा था। दुकानदार बोला, "भाई, सरकारी दाल लेना है तो फॉर्म भरना पड़ेगा, फॉर्म पास करवाने के लिए बाबू को देखना पड़ेगा, फिर बाबू का बाबू साहब से मिलना पड़ेगा, और तब तक शायद तुम्हारी भूख खुद ही मर जाएगी!" गरीब ने आकाश की ओर देखा और बोला, "हे भगवान! एक बार सरकारी गोदाम में चूहा बना दे, ताकि भूख से पहले मरने की नौबत न आए!" किसान क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक की कतार में खड़ा था। उसने कहा, "साहब, फसल खराब हो गई, कुछ मदद मिल सकती है?" बैंक मैनेजर ने ठंडी सांस भरी, "भाई, किसानों के लिए लोन की सुविधा तो है, लेकिन रिकवरी एजेंट उससे भी तेज है!" किसान बोला, "तो साहब, लोन मिलेगा या नहीं?" मैनेजर हंसा, "अरे भाई, लोन लेने के लिए जमीन गिरवी रखनी पड़ती है, और चुकाने के लिए आत्मा!"

## विचार

# रस, रंग और माधुर्य का पर्व होली

**उमेश कुमार साहू**

**होली-मंगलोत्सव भारत** वर्ष में मनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध लोकपर्व है। रस, रंग, माधुर्य से सराबोर यह पर्व आंतरिक उल्लास को उभारने वाला एक सांस्कृतिक पर्व है। यह पर्व कृषि कुसुमित संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में भी प्राचीन समय से प्रचलित है। इसकी यह सार्वभौम विशेषता ही है, जिसके कारण देश के हर वर्ग, जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग इसे बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाते हैं। रंगों का यह पर्व प्रकृति से मानव को एकाकार कर तादात्म्य स्थापित कर देता है एवं जीवन को उल्लास के साथ जीने की रीति-नीति का भी शिक्षण देता है।

बसंत से ही आरंभ हो जाने वाले इस पर्व में जहां एक ओर बासंती रंगों से रंगी प्रकृति सुन्दर छटा बिखेरती है, वहीं दूसरी ओर गुलाल-अबीर से रंगा मानव समुदाय अपनी आंतरिक पुलकन को भी प्रगट करता है। होलिका पर्व निष्क्रिय जड़ता पर जीवंत एवं सजीव चैतन्यता की स्थापना का पर्व है। वस्तुतः होली बहुत प्राचीन उत्सव है। इसको आरंभिक काल में 'होलाका' कहा जाता था। भारत के पूर्वी भागों में अभी भी यह शब्द प्रचलित है। 'होलाका' उन 20 क्रीड़ाओं में से एक है, जो संपूर्ण भारत में कभी प्रचलित थीं। इसके अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा पर लोग श्रृंग से एक-दूसरे पर रंगीन जल छोड़ते हैं और सुगंधित चूर्ण बिखेरते हैं। लिंग पुराण इस पर्व को फाल्गुनिका कहकर संबोधित करता है एवं इसे विभूति व ऐश्वर्य प्रदायक पर्व मानता है। डॉ. रामानंद तिवारी हमारी जीवन संस्कृति में लिखते हैं- राग-रंग और उल्लास का यह पर्व अपनी व्यापकता,स्वच्छता और संपन्नता में अनुपम है। अनेक विशेषताओं से युक्त वर्ष का यह अंतिम पर्व जीवन में संस्कृति के पूर्ण समन्वय का द्योतक है। वैदिक यज्ञ और लोकोत्सव का एक अद्भुत समन्वय इससे मिलता है। होली के पर्व पर अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचकर वर्ष की रागिनी नये वर्ष की नयी रागिनी को जन्म देती है।

होली का नैसर्गिक संबंध ऋतु परिवर्तन से है। शिशिर और हेमंत कालीन शीत की ठिठुरन के बाद बसंत का आगमन उल्लास लेकर आता है। फाल्गुन मास व बसंत दोनों मिलकर प्रकृति में अपूर्व आनंद व उमंग का रंग घोलते हैं। कोयल की कूक, खिलते पुष्पों की सुगंध व आम्र मंजरियों की मादकता से भरा बहता पवन तन-मन में उत्साह एवं जीवन के प्रति एक नई दृष्टि का विकास करता है। प्रकृति के इन रूपों को देखकर मानव मन हर्षित हो उठता है एवं कभी कवि, कभी साहित्यकार,कभी कलाकारों के माध्यम से भावनाएं अभिव्यक्त होने लगती हैं। रत्नावली में कवि का वर्णन है कि होली पर्व के शुभावसर पर उड़ते हुए केशर मिश्रित गुलालों से उषाकाल का भ्रम हो रहा है।

होली और भगवान श्रीकृष्ण का संबंध अटूट है। इसे साहित्य के प्रत्येक ग्रंथ में वर्णित देखा जा सकता है। गर्ग संहिता, फागुकाव्य, बसंतविलास, पृथ्वीराज रासो (चंदवरदाई कृत), सूरदास एवं परमानंद के काव्यों में मीरा-रसखान के दोहों में सभी जगह होली एवं कृष्ण का सरस, सजीव एवं सुन्दर चित्रांकन मिलता है। फाग विलास और फाग विहार रीतिकालीन नागरीदास कवि की दो रचनाएं होली पर प्रसिद्ध हैं। बिहारी, घनानंद, पद्माकर, केशव, सेनापति आदि सभी रीतिकालीन कवियों ने अपनी लेखनी से होली का रंग भरा है। भवभूति के मालती माधव नाटक में तो इसी पर्व का बड़ा सुन्दर चित्रण है। होली का त्योहार सामूहिकता के भाव की वृद्धि करने वाला है तथा संगठन और एकता को सुदृढ़ बनाने आता है। यदि यही उद्देश्य रखकर समता के इस पर्व को मनाया जाए तो आपस की असमानतारूपी असुरता को होली में जलाकर नष्ट किया जा सकता है। होली के अनेक उद्देश्य व शिक्षाएं हैं, किंतु यहां इसके इतिहास के साथ-साथ एक पक्ष को ही स्पर्श किया गया है। एक सबसे बड़ी महत्वपूर्ण शिक्षा इस पर्व की यह है कि मनुष्य को दीन-दुर्बल और डरपोक होकर नहीं रहना चाहिए। सर्वदा इस संसार में नृसिंह की तरह निर्भय और वीर का जीवन जीना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संरक्षक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बुरा न मानो होली है

**पंकज शर्मा 'तरुण'**

**ढोल** और होली के हुड़दंगियों की ज्यों ही कान के पास आवाज आई मैं सिहर गया। पत्नी जो दरवाजे के पास बैठी पापड़ खा रही थी। बोली आज धुरेंडी खेलने नहीं जाएंगे। मैं बोला क्यों? वह बोली देखा नहीं पिछले वर्ष पड़ोसी मिश्राजी को लोगों ने गन्दी गटर में किस तरह पटका था और बेचारे को गधे पर उल्टा बिठाकर सिर पर झाड़ू का सेहरा बांधकर गांव भर में घुमाया था। मैंने कहा-भागवान साल भर में एक बार यह मस्ती भरा रंगीन त्यौहार आता है और तुम हो कि त्यौहार मनाने पर प्रतिबंध लगा रही हो। बातें चल ही रही थी कि दरवाजा पीटने की आवाज ने बातों पर विराम लगा दिया। पत्नी ने वहीं से पूछा कौन है, बाहर से आवाज आई भाभी जी मैं हूं टिल्लू, शर्मा जी को बाहर भेजो। ये बोली क्यों ? वह बोला रंग लगाना है, वे बोली तुम रंग नहीं लगाओगे पिछले साल जैसे मिश्रा जी को रगड़ा था वैसे इस बार इनको रगड़ना चाहते हो। टिल्लू हंसने लगा और कसम खाकर बोला ऐसा कुछ नहीं करेंगे आप दरवाजा तो खोलिए। पत्नी ने विश्वास करके कुण्डी खोली। बाहर का दृश्य तो देखने योग्य था। सभी के चेहरे पुते हुए थे,एक भी व्यक्ति को मैं पहचान नहीं पा रहा था। उन्हें केवल आवाज से ही पहचाना जा सकता था,उस भीड़ में से आवाज आई शर्मा जी को कुछ मत करो। ज्यों ही गाली और रंग की बौछार हुई पत्नी घर के अन्दर और मैं घर के बाहर। मुझे बड़ी इज्जत से उन्होंने कंधे पर उठा लिया। उनके द्वारा ईस्ट मैन कलर में पोता गया। मेरे ना नुकर का असर उन कम्बख्तों पर नहीं होना था सो नहीं हुआ। जैसे मंत्री पर विपक्ष के विरोध का कोई असर नहीं होता। मेरे साथ बाइज्जत पिछले वर्ष जो मिश्रा जी के साथ समारोह किया गया था वही किया। ऐसा लग रहा था,उनकी बातों से जैसे यह कार्यक्रम पहले नहीं था, लेकिन पत्नी की समझदारी भरी बातें सुनकर यह इज्जत अफजाई की जा रही थी।

इस साल किसी और का नंबर था और वे उसी के सहयोग के लिए मुझे लेने आए थे। खैर साहब मैं भी गधे पर ऐसे ही बैठा रहा, जैसे जबरन किसी को गृहमंत्री का पद छीन कर जेल मंत्री के पद पर बिठा दें। गांव में सभी ओर हमारा और हमारे सहयोगियों का मोहल्ले वार नागरिक अभिनंदन किया गया।

## निमाई का ग्रन्थ अति उत्तम

**(एम.एन. त्रिवेदी)**

सोलहवीं शताब्दी के मध्य संपूर्ण देश में धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थितियां दयनीय थीं, वहीं तांत्रिक आस्थाओं की विकृतियों के कारण सामाजिक जीवन अनाचारपूर्ण था। सर्वत्र हिंसा का बोलबाला था, धर्म के नाम पर पाखण्ड, आडम्बर, व्यभिचार और कुरीतियां फैल रही थीं। देश में भीषण द्वेष, भय व आतंक का वातावरण छाया हुआ था ऐसे में विक्रम संवत की सोलहवीं शताब्दी के मध्य फाल्गुन माह की पूर्णिमा को एक दिव्य बालक का जन्म हुआ। इस बालक का परिजनों द्वारा 'निमाई' नामकरण किया गया। निमाई बचपन से ही चंचल तथा अत्यन्त मेधावी थे, प्रबल मनोविनोदी थे। उनके यौवनकाल में पं. रघुनाथ जी द्वारा न्याय शास्त्र पर एक ग्रन्थ लिखा गया था। निमाई द्वारा भी एक ग्रन्थ न्याय शास्त्र पर तैयार किया गया था। उन्होंने अपनी हस्तलिखित कृति को जब पं. रघुनाथ जी को पढ़ने के लिए प्रस्तुत किया तो उनके नेत्रों से अश्रुधारा बह निकली। तुलनात्मक दृष्टिकोण पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निमाई का ग्रन्थ अति उत्तम है। निमाई समझ गए कि उनके ग्रंथ के समक्ष पंडित जी का ग्रंथ उपयोगी नहीं रह पाएगा। अतः उन्होंने पंडित जी के ग्रंथ की महिमा बढ़ाने के लिए अपना हस्तलिखित ग्रंथ स्वयं ही गंगा में प्रवाहित कर दिया। उनके इस त्याग ने उनके व्यक्तित्व को प्रखर बनाया। उनका ज्ञान दिनोंदिन बढ़ता रहा। उनका उपदेश था कि जीव मात्र के प्रति दया, भगवान के प्रति आस्था एवं मनुष्य मात्र की सेवा ये ही तीन श्रेष्ठ धर्म हैं। तत्समय राजाज्ञा से काजी द्वारा कीर्तन पर प्रतिबंध लगाया गया जो उनको सहन नहीं हुआ और विरोध आरंभ कर दिया। जनशक्ति को जागृत किया। काजी के साथ आत्मीयता का व्यवहार किया। प्रेमास्त्र की धार से काजी की जिद विदीर्ण हो गई। निषेधाज्ञा वापस लेनी पड़ी और यहीं शान्तिपूर्ण जनआंदोलन गांधीजी का भी सशक्त अस्त्र बना। चैतन्य नाम से विख्यात निमाई को महाप्रभु भी कहा जाने लगा। उन्होंने अपने क्षेत्र में गौवध बंद करवाया। वे धर्म के नाम पर मूक, निरीह या निर्दोष पशुओं की बलि रोकने के लिए प्रयत्न करते रहे। डाकुओं पर भी उनका प्रभाव पड़ा। उनका मानना था कि डाकू जीवन में पत्नी, पुत्र का भी मोह नहीं रहता। वह कहा करते थे कि जब गृहस्थ की तरह विषय वासनाओं से मुक्त रहते हो, दनों में विरक्त साधुओं की तरह भ्रमण करते हो तो फिर भगवद्जन के प्रति आसक्त होने में क्या कठिनाई है? महाप्रभु मानवता के पुजारी थे।

## न्यूज फ्लैश

### एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने किया होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



गन्नौर। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा जीटी रोड स्थित होटल काजेट में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एमएसएमई एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर वीपीएस वालिया, सर्व हरियाणा ब्राह्मण कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम, एचएसआइआइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी विनोद कत्याल, वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल, प्रबंधक तरूण मलिक, जेई अजीत कुंडू ने विशेष तौर पर शिरकत की। बड़ी एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह, निशांत गोयल ने समारोह में पहुंचे अतिथियों व उद्योगपतियों का चंदन का टीका व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इसके बाद गुलाब के फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध बैंड अजहर एंड पार्टी ने अपने गीतों के माध्यम से सभी को झूमने का मजबूर कर दिया। प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किय। इस अवसर पर निशांत गोयल, आकाश त्यागी, संजय मित्तल, हरीश करहाना, हरीश शर्मा, एमपीएस गिल, स्वराज पाल सिंह, अनिल कौशिक, हरिओम शर्मा, बलकेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

### दुकानों के सामने भरा दूषित पानी बना मुसीबत



**गन्नौर। बेगा रोड पर** नालों की सफाई न होने के कारण नाले ओवरफ्लो हो गए हैं, जिससे सड़क पर दूषित पानी भर गया है। इस समस्या के कारण वाहन चालक और दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं। दुकानों के सामने भरे दूषित पानी से व्यापार पर असर पड़ रहा है। दुकानदार राकेश, सुरेंद्र छिक्कारा, मुन्ना, आर्यन, सजंय, आशु व सचिन ने बताया कि बेगा रोड़ पर कई महीनों से नालों की सफाई नहीं हुई है। जिससे ओवरफ्लो हुए नालों का दूषित पानी सड़कों पर जमा हो गया है। पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि वह इस बारे में नगरपालिका सफाई निरीक्षक पोषण मलिक को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कई बार सीएम विंडो पर शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नही हो रहा। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से जल्द से जल्द बेगा रोड पर नालों की सफाई कराकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### विधायक गहलावत ने सत्र में उठाई कुंडली में दो कालोनी को वैध कर मूलभूत सुविधाएं देने की मांग



**राई। हलका विधायक** कृष्णा गहलावत ने हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान राई हलके की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठाया और हलके के लोगों की मुख्य समस्याओं के समाधान की मांग रखी। सत्र के दौरान विधायक कृष्णा गहलावत ने कुंडली नगरपालिका छोटी सी नगरपालिका हैओर वहां पर आफिसयल केवल 23 हजार की आबादी है लेकिन वहां डेढ़ लाख से ऊपर आबादी है। वहां पर दो कालोनी प्याऊ मनियार व लांडा कालोनी। उसमें कोई सीवरेज सिस्टम नही है। बरसात आ जाती है और पूरा बरसात का पानी वहीं जमा हो जाता है, बरसात के दिनों में लोग घर से बाहर भी नही निकल पाते। सरकार ने 50 करोड़ रुपएं सीवरेज के लिए मंजूर किए है। उसके लिए विधायक गहलावत ने सरकार का आभार जताया। सीवर दबाने का कार्य उन्हीं कालोनी में भी शुरू करवाया जाए। विधायक ने बताया कि लांडा कालोनी व प्याऊ मनियारी में कोई भी मूलभूत सुविधा नही है। मुख्यमंत्री से पिछल्ले दिनों अनुरोध किया था कि ये 45-45 वर्ष पुरानी अवैध कालोनियां है।

# सेवा योजना कैंप: स्वयंसेवकों को अपने ज्ञान और अनुभव का लाभ दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**




एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में चल रहे सात दिवसीय विशेष आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के दूसरे दिन डॉ नीलम आर्य वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेंसिक विभाग मधुबन (करनाल) और सोनू सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेड क्रॉस आरसीआईटी पानीपत प्रेरणादायक वक्ता ने कैंप में शिरकत की और स्वयंसेवकों को अपने ज्ञान और अनुभव का लाभ दिया । डॉ नीलम आर्य ने ह्यमहिला अपराध और फॉरेंसिक साइंसह्य और सोनू सिंह ने ह्यकौशल विकास, कैरियर काउन्सलिंग और व्यक्तित्व निर्माणह्न विषयों पर अपना व्याख्यान दिया । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, कैंप सेक्रेटरी डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी और डॉ एसके वर्मा ने पौधे रोपित गमले भेंट करके किया । कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः 5 बजे योग और ध्यान शिविर से हुई जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया । तत्पश्चात खेलों के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य लाभ हासिल किया और मैदान में अपना पसीना बहाया । विदित रहे कि कैंप एनएसएस सेल कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र के पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है और इसे उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार का सानिध्य भी प्राप्त है । कल रात्री विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसके विजेताओं को कैंप के अंतिम दिन सम्मानित किया जाएगा । डॉ नीलम आर्य वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेंसिक विभाग मधुबन करनाल ने कहा कि लिंग अनुकूल वातावरण का अभाव ही देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का मुख्य कारण है। फॉरेंसिक साइंस अपराध से जुड़ा विज्ञान है और इसमें अपराध का पता लगाने के लिए शरीर के तरल पदार्थो की जांच की जाती है । फॉरेंसिक रिपोर्ट को अदालत भी अहम साक्ष्य मानती है । देश-विदेश में बढ रही आतंकी घटनाओ और अपराधों ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग बढा दी है । आपराधिक वारदातों के सूत्रधारों की धर-पकड के लिए प्रशिक्षित सुरक्षा बलों की जरूरत आज समाज और समय की मांग है । इस साइंस का जानकार अपराध से जुडे लोगों को पकडवाने में काफी मददगार होता है । आतंकवादी गुत्थियां हों या रहस्यमय मौत, इसे सुलझाने में फॉरेंसिक साइंस की अहम भूमिका होती है । फॉरेंसिक साइंस अब विदेश में ही नहीं देश में भी लोकप्रिय होती जा रही है।

## कंचन सहरावत बनी लेफ्टिनेंट, पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लालचंद गुर्जर**



**नांगल चौधरी। अप्रैल** 2023 में यूपीएससी सीडीएस (प्रथम) की परीक्षा उत्तीर्ण कर,देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली अकबरपुर निवासी कंचन सहरावत नेचेन्नई ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी( ओटीए) से 8 मार्च को पास आउट होने के उपरांत 11 मार्च को अपने पतृक गांव अकबरपुर पहुंची। कंचन के लिए परिजनों व ग्राम वासियों ने भव्य समारोह का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व एचएमएल के चेयरमैन सतपाल दहिया मौजूद रहे। कंचन के नारनौल पहुंचने पर स्थानीय लोगों व रिश्तेदारों द्वारा नारनौल से अकबरपुर तक रोड शो का भी आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा," नांगल चौधरी सहित जिला महेंद्रगढ़ प्रतिभाओं की खान है। कंचन सहरावत की उपलब्धि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। मेरा आशीर्वाद व शुभकामनाएं कंचन बेटी के साथ है।"पूर्व एचएमएल के चेयरमैन सतपाल दहिया ने कहा,"कंचन की इस उपलब्धि पर समस्त समाज गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा है। लेफ्टिनेंट कंचन सहरावत क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए आदर्श स्थापित करेगी। हमारी शुभकामनाएं लाडली के साथ है।" जाट सभा के प्रधान जोगेंद्र सिंह छिल्लर ने भी जाट सभा की और से लेफ्टिनेंट कंचन सहरावत पगड़ी पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

## अवैध खनन में लिप्त दो वाहनों को किया गया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला के** खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन-परिवहन में लिप्त दो वाहनों को जब्त किया गया है। निरंजन लाल के अनुसार खनन व भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि एसआई राजेश व एएसआई रोशन लाल की टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान गांव नली पार से एचआर-05-बीएफ-5786 के नम्बर की ट्रैक्टर-ट्राली के चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ।

# मेयर उप-चुनाव में राजीव जैन की बंपर जीत

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत। उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम सोनीपत मेयर उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने जीत हासिल करते हुए 34 हजार 749 वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान को हराया। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने कुल 83 हजार 761 वोटों में से 57 हजार 858 वोट प्राप्त किए। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान ने 23 हजार 109 वोट हासिल किए। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ० कमलेश कुमार सैनी ने 366, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार धर्मवीर ने 01 हजार 424, निर्दलीय उम्मीदवार रमेश खत्री नंबरदार ने 342 तथा नोटा ने 662 वोट हासिल किए। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा ने विजेता भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को प्रमाण पत्र सौंपा। उपायुक्त ने बताया कि खरखौदा नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने जीत हासिल की। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सिन को 04 हजार 425 वोटों से मात दी। भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने कुल 12 हजार 545 वोटों में से 07 हजार 935 वोट हासिल किए।
वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सिन को 03 हजार 510 वोट मिले। इसके साथ ही अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों में किरण को 747, ममता को 207 तथा नोटा को 146 वोट मिले।
इसी प्रकार नगर पालिका खरखौदा में हुए वार्ड पार्षद चुनाव में वार्ड नंबर-01 से हरिओम ने सोनू को 34 वोटो से, वार्ड नंबर-2 से लक्ष्मी देवी ने सोनिया मलिक को 63 वोटो से, वार्ड नंबर-3 से नवीन ने जितेंद्र को 255 वोटो से, वार्ड नंबर-4 से जसवीर सिंह ने मोहन को तीन वोटो से, वार्ड नंबर-5 से सीमा देवी ने सुशीला कुमारी को 126 वोटो से, वार्ड नंबर-6 से प्रमोद कुमार ने ललित कुमार को 338 वोटो से, वार्ड नंबर-7 से अनूप सिंह ने रवि कुमार को 52 वोटो से, वार्ड नंबर-8 से कृष्ण ने श्री भगवान को 227 वोटो से हराया।

## श्रीकृष्णा स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा** स्कूल में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व विशिष्ट अतिथि डॉ. कविता राव मुख्य रूप से उपस्थित रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए रंगों की फुहार के बीच जमकर धमाल मचाया। इस दौरान कहीं पर फॉग की धूम रही तो कहीं पर बच्चों ने मथुरा में खेली जाने वाली होली की छटा बिखेरी तथा स्कूल के विद्यार्थियों ने होली खेले रघुवीरा और ....., रंग बरसे भगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके वहीं विद्यार्थियों के साथ शिक्षक-शिक्षिका भी खूब झूमे। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि पर्व हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होते हैं तथा सामाजिक एकता, उत्साह और सांस्कृतिक धरोहर के रूबरू करवाते है जो हमारे जीवन को आनंदमय बनाते हैं। डॉ. कविता राव ने कहा कि होली का रंग सेहत से जुडी कई समस्याओं का कारण बनते है। कैमिकल युक्त रंगों से होली खेलने से आंखों, त्वचा, सांस सहित अन्य परेशानियां पैदा हो सकती है। इसलिए हर्बल रंगों के साथ तिलक होली व फूलों की होली खेलनी चाहिए।

# मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



**समालखा से दो बाल** श्रमिकों और भिक्षावृत्ति में सलंग्न 4 बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। गौरतलब है कि इन बच्चों की उम्र केवल 5 से 14 साल के बीच है।
हरियाणा में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ' न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के एक गंभीर समस्या बनी हुई है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और एमडीडी द्वारा संयुक्त रूप से पानीपत को बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। पानीपत जिलाधीश द्वारा भी जिला टास्क फोर्स के माध्यम से पानीपत से बाल श्रम को खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बाल श्रम व बाल शोषण की सूचना बाल कल्याण समिति में दें ताकि बच्चों को एक बेहतर भविष्य दिया जा सके। बाल श्रम अथवा भिक्षावृत्ति के बारे में कोई सूचना मिलती है तो पेंसिल पोर्टल अथवा स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज संदीप कुमार के नंबर 7015986378 पर दी जा सकती है।

# जनता ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया: मोहन



**सोनीपत/संजीव कौशिक।। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प**ंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में हरियाणा की जनता ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है। निकाय चुनाव में मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर जनता की मुहर है। निकाय चुनाव में भाजपा को मिला ऐतिहासिक समर्थन यह साबित करता है कि जनता प्रदेश का विकास चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा की जीत को हरियाणा के लोगों की भावनाओं की जीत बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विजयी प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी साथ ही हरियाणा की देवतूल्य जनता का आभार जताया। श्री बड़ौली ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार ने पूरी दुनिया में जनता का मान और सम्मान बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश की जनता के दिलों को जीत रहे हैं। इसी का परिणाम है कि नगर निकाय चुनाव में जनता जनार्दन ने भाजपा प्रत्याशियों को अपार आशीर्वाद देकर विजयी बनाने का काम किया है। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार मोदी सरकार की योजनाओं को अच्छी तरह से लोगों के घरों तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता की सेवा कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से गदगद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अब तीन गुणा गति से विकास होंगे। सरकार की किसी भी योजना में कोई रूकावट आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन की दृष्टि से भाजपा बहुत मजबूत है। भाजपा के कार्यकर्ता सेवा भाव से जनता की सेवा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं। श्री बड़ौली ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि दिशाहीन कांग्रेस को हरियाणा की देवतूल्य जनता ने अब निकाय चुनाव में भी सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब समाप्ति की ओर बढ़ रही है। आने वाले समय में भारत कांग्रेस मुक्त बन जाएगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अडंगा डालने और सनातन धर्म पर विवादास्पद बयानबाजी करना कांग्रेस के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

# बेटियों को पूरी हिम्मत के साथ बढ़ना होगा आगे: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बेटियों को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी हिम्मत के साथ आगे बढ?ा चाहिए। इस मार्ग में आने वाली हर समस्या और दिक्कत का मुकाबला करके अपने लक्ष्य को हासिल करना होगा। इसके लिए बेटियों को मेहनत, लगन और पूरी इमानदारी के साथ कार्य करना होगा। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बोल रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने खिलाडि?ों से परिचय किया और सैल्फी प्वाइंट पर बेटियों के साथ फोटो करवाई। इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के डिस्कस थ्रो इवेंट में प्रथम आने वाली सुखविन्द्र कौर, द्वितीय बलविन्द्र कौर थानेसर, अनिता पिहोवा को तीसरे स्थान पर आने पर सम्मानित किया।
उपायुक्त ने 400 मीटर रेस की विजेता आरजू थानेसर प्रथम, रजप्रीत कौर शाहबाद द्वितीय,मन्नु बाबैन तृतीय, 300 मीटर रेस में मोनिका लाडवा प्रथम, मनीषा थानेसर द्वितीय, मुस्कान शाहबाद तृतीय, 100 मीटर दौड़ में नीरज थानेसर प्रथम, मीनाक्षी बाबैन द्वितीय, रिम्पी लाडवा तृतीय, साइकिल रेस में शीतल थानेसर प्रथम, आरुषि पिहोवा द्वितीय, राधिका तृतीय स्थान आने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने विजेता महिला खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियों को हर कार्य को पूरी रूचि के साथ करना चाहिए और जीवन में लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए।
आज किसी भी क्षेत्र में बेटियां बेटो से कम नहीं है, इसलिए बेटियों को पूरी हिम्मत के साथ आगे बढनाा चाहिए।

# भाजपा की शैलजा सचदेवा बनी अंबाला शहर की मेयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: मेय**र पद के उप चुनाव के तहत ओपीएस विद्या मंदिर सैक्टर 9 अम्बाला शहर में मतगणना का कार्य शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न हो गया। मेयर पद के तहत भाजपा से शैलजा संदीप सचदेवा ने 20487 मतों से विजयी हासिल की। रिटनिंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने औपचारिकताएं पूरी करते हुए नवनिर्वाचित मेयर शैलजा संदीप सचदेवा को विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।
रिटनिंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि मेयर पद के मतगणना कार्य के तहत 14 राउंड हुए, जिसके तहत भाजपा से शैलजा संदीप सचदेवा को 40620 मत प्राप्त हुए और वह 20487 वोटों से विजयी घोषित हुई। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी अमीषा चावला को 20133 मत प्राप्त हुए। उन्होने यह भी बताया कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए सभी आवश्यक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मतगणना प्रक्रिया के तहत सामान्य ऑब्जर्वर वीना हुड्डा व पुलिस ऑब्जर्वर आईजी मनीष चौधरी भी उपस्थित रहे।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मेयर पद के तहत मतगणना कार्य का दौरा भी किया और यहां पर मतगणना से सम्बन्धित जो कार्य किए जा रहे थे उसका अवलोकन करते हुए सराहना भी की। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के तहत चुनाव डयूटी से जुड़े सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का धन्यवाद किया।
पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने नवनिर्वाचित मेयर शैलजा संदीप सचदेवा को बधाई दी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि अम्बाला शहर में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। निश्चित रूप से विकास की बड़ी योजनाएं धरातल पर मूर्त रूप सहजता से ले पाएंगी। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में एक नया रोड मैप अम्बाला में नजर आएगा। नवनिर्वाचित मेयर शैलजा संदीप सचदेवा की जीत की जानकारी मिलते ही वहां पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे दी। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी रितेश गोयल, गुरविन्द्र सिंह मानकपुर, अमन सूद, राकेश मेहता, बीनू गर्ग, सुंदर ढींगरा, मनीष आनंद मन्नी, शोभा पूनिया, रमेश मल, आशीष टक्कर, गुरप्रीत शाना, हितेष जैन, संजय लाकड़ा के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

# ट्रैक से निकले पीसीसी स्लीपर से पटरी किनारे दिवार बनाने का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर। रेलवे** ट्रैक से निकले प्री स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) स्लीपर से रेलवे अब दीवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। ऐसा करके इन स्लीपरों का सदुपयोग करने के साथ पीएससी स्लीपर से पटरी किनारे बनने वाली इस दीवार से सुरक्षा भी रहेगी और हादसे होने की संभावना भी कम हो जाएगी। पिछल्ले कई महीने से अगवानपुर रेलवे फाटक के पास से राजलू गढ़ी सड़क मार्ग के साथ-साथ राजपुरा माईनर की तरफ करीब 500 मीं स्लीपर से दिवार बनाने के बाद काम बंद पड़ा था। अब दोबारा से रेलवे लाईन के साथ में पड़े स्लीपर को जमीन में गाडकर दिवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। ज्ञात रहे कि ट्रैक के नवीनीकरण के दौरान बड़ी मात्रा में अनुपयोगी स्लीपर निकाले गए हैं। वह जहां तहां पड़े थे, अब पटरियों के किनारे दीवार बनाने के लिए इन स्लीपर का उपयोग होगा। वहीं रेलवे की जमीनों का सदुपयोग किया जाएगा। दिवार बनने के बाद अब रेलवे ट्रैक पर आवारा पशुओं के जाने पर रोक लगेगी और सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज फ्लैश

### होली पर बच्चों को रंगों से रखें सुरक्षित, जानें कैसे लगाएं और छुड़ाएं रंग: दीपा शर्मा

इस बार होली का पर्व 13 मार्च 2025 को है। उसके अगले ही दिन होली खेलने का दिन है। अगर सावधानी न बरती जाए तो बच्चों की पसंद वाला त्योहार होली बच्चों की सेहत पर भी भारी पड़ सकता है। होली पर बिना किसी रोक-टोक के रंगों से खेलने, जमकर मस्ती करने और स्वादिष्ट मिठाइयां खाने का मौका मिलता है। ज्योतिषचार्य एसके शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस बार पूर्णिमा तिथि 13 मार्च 2025 को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो रही है। इसका समापन 14 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगा। ऐसे में 13 मार्च को होलिका दहन है और इसके बाद अगले ही दिन यानी 14 मार्च 2025 को रंगों की होली मनाई जाएगी. शिशुओं और छोटे बच्चों को लेकर माता-पिता को यह डर रहता है कि होली में कहीं उनके बच्चों को कुछ दिक्कत न हो जाए। इसलिए आज जरूरत की खबर में हम बात करेंगे कि होली पर बच्चों की देखभाल कैसे करें। साथ ही जानेंगे कि-

**रंगों से बच्चे को कैसे सुरक्षित रखें----**

होली के त्योहार पर बच्चों को रंग लगाना लोगों को बहुत पसंद है। खासकर न्यू बॉर्न बेबी को। डॉ. अंशु शर्मा बताती हैं कि वैसे तो 2 साल से कम उम्र के बच्चों को रंग बिल्कुल भी नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि उनकी स्किन बहुत ज्यादा सॉफ्ट और सेंसिटिव होती है। फिर भी अगर आप उनके साथ होली खेलना चाहते हैं तो केमिकल वाले रंग या गुलाल का इस्तेमाल न करें!

### छात्र पर नुकीले हथियार से हमला करने का आरोप, लोगों ने हमलावर को दबोचा

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के लिबासपुर में घर के बाहर घूम रहे छात्र पर नुकीले हथियार से हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डेमा मानपुर बिहार हाल में गांव लिबासपुर निवासी संदीप ने बताया कि वह संस्कृत स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वह अपने घर के सामने गली में टहल रहे थे। इसी दौरान शहाबुद्दीन ने उसे रास्ते घेर लिया। वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने किसी नुकीले हथियार से उसकी छाती पर वार करने शुरू कर दिए। शोर सुनकर आए आसपास के लोगों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। वहीं, आरोपित को पुलिस को सौंप दिया। मामले को लेकर थाना बहालगढ़ पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एआसाई राजू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### घर से गैस सिलेंडर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र के देव नगर स्थित मकान से गैस सिलेंडर के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। देव नगर की गली नंबर-1 में रहने वाले अधिवक्ता संजय कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर को घर के आंगन में रखा सिलेंडर गायब मिला। घर में रखे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो दोपहर करीब दो बजे दो युवक सीसीटीवी में दिखाई दिए। जिनमें से एक घर के अंदर घुस गया। जबकि दूसरा बाहर खड़ा निगरानी करता रहा। अंदर गया युवक थोड़ी देर बाद गैस सिलेंडर लेकर बाहर निकाला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना शहर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# भव्य श्री श्याम द्वादश संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित

## संकीर्तन में समिति सदस्यों,यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया

**संकीर्तन**

**संकीर्तन में दो गायकों आकाश अरोड़ा और श्रवणराज ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में मंगलवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों,यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दो गायकों आकाश अरोड़ा और श्रवणराज ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा चलता रहा जिसमें श्याम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में लगातार मंदिर विस्तार,भंडारा,संकीर्तन आदि धार्मिक व जन सेवा कार्य होते रहते हैं। अतः इन पुण्य कार्यों में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। मंदिर में शुक्रवार,14 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे के दौरान श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव होगा जिसमें फूलों की होली खेली जाएगी। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा,अंशु,अनमोल,गौरव, शंटी,अंशुमान,सर्वेश रोहिला,शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

# लोहारा स्कूल में हुआ मेंटरिंग व मोनिटरिंग कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहारा में बुधवार को प्रभारी प्राचार्य देवराज श्योरण की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा मेंटरिंग तथा मेटोरिंग कार्यक्रम के तहत मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। आईजीएन कॉलेज लाडवा से आए रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ अमित वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया तथा धूम्रपान, नशा आदि के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। डॉ वशिष्ठ ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है तथा विज्ञान के प्रयोगों के चलते नित नए अविष्कार हो रहे हैं। विज्ञान अध्ययन से न केवल बेहतरीन कैरियर की

**व्याख्यान**

**सहायक प्रोफेसर डॉ अमित वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया**

अनेकों सम्भावनाएं खुलती हैं बल्कि बच्चों में तर्कशक्ति का विकास होता है और स्वयं करके देखने व कारण जानने की प्रवृत्ति भी विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी की प्राध्यापिका निशा ने किया तथा विज्ञान अध्यापिका कविता शर्मा ने रोचक विज्ञान गतिविधियाँ प्रस्तुत की। स्कूल प्रभारी देवराज श्योराण ने अतिथियों का स्वागत किया।

# गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन में टेबल टेनिस मैच आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन में इंटर-पॉलीटेक्निक टेबल टेनिस मैच का आयोजन किया गया। जिसमें भगत फूल सिंह महिला पॉलीटेक्निक, खानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल और कल्पना चावला गर्वनमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वूमेन, अंबाला सिटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वूमेन, अंबाला के प्रिंसिपल डॉ. लाभ सिंह नैन ने सभी को बधाई दी। इस खुशी के अवसर पर स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट बाबू




राम, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी मिस सर्वजीत और स्पोर्ट्स इंचार्ज सौरभ भट्ट, डॉ अश्वनी भारद्वाज, मंदीप, मिस मुनिश, राजेश, पिंटू और अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पहुंचे विद्यालय के बच्चों की विदाई पार्टी में

**आशीर्वाद**

**प्राथमिक विद्यालय में ऐसा विधाई पार्टी का आयोजन कराया जाना बच्चों में संस्कार रोपना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा में कक्षा चौथी ने कक्षा पांचवीं को विदाई पार्टी दी । इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक पहुंचे। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को कॉपी पेंसिल बांटी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा बच्चों व स्टाफ सदस्यों को नये दाखिलों के लिए आह्वान किया । उन्होंने बच्चों को कहा कि आप सबको यहां पढ़ने में कैसा लगता है। इस पर बच्चों ने कहा बहुत अच्छा लगता है और आज की विधाई पार्टी कैसी लगी, बच्चों ने कहा आनंद आया तो इसके बाद मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आप सब अपने दूसरे भाई बहनों को प्राइवेट स्कूलों से वापिस सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाएं । आगे उन्होंने कहा कि
प्राथमिक विद्यालय में ऐसा विधाई पार्टी का आयोजन कराया जाना बच्चों में संस्कार रोपना है। उन्होंने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह और स्टाफ सदस्यों को बहुत बधाई दी और प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत ही सरकारी स्कूलों को बचाने में सहायक है ।आपका काम सराहनीय पाया गया है ।उन्होंने कहा कि आप सब सरकारी शिक्षक अपने अपने वाहनों पर और गांवों में नामांकन अभियान के विचार, पोस्टर व लॉगो के माध्यम से प्रचारित करें। इसकी मुहिम एक महीना लगातार चलाई जाए।आज की सभा में स्कूल के एसएमसी सदस्य और बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया इसके साथ ही स्कूल स्टाफ सदस्यों में सूबे सिंह, मैडम परमजीत कौर, मैडम विकास छौकर, सत्यवान ढांडा, मैडम रेणु डाबड़ा, मैडम सुमन लता व स्वीपर कम चौकीदार बलकार सिंह एवं मिड डे मील वर्कर हरप्रीत कौर शामिल रहे । स्कूल इंचार्ज सूबे सिंह ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक जी का इस अवसर पर आने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिले में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए अम्बाला पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। त्योहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। जिला के सभी थाना.चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की



जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को त्योहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**प्रबंध**

**होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए**

बदनियती से हुड़दंग करनेए किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ शख्त कार्यवाही की जाएगी । महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं

# राजीनामा करके लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत-गोहाना** रोड पर रतनगढ़ गांव के पास युवक की गाड़ी को रुकवा कर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। चांग भिवानी निवासी शशी ने बताया कि वह अपने साथी दिनेश कुमार के साथ दिनेश की गाड़ी में सोनीपत कोर्ट चौकी में दी शिकायत को लेकर आया था।

**मुकदमा**

**पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है**

उनका चौकी में मामले को लेकर समझौता भी हो गया था। उसके बाद वह गाड़ी में बैठकर अपने गांव जा रहे थे। वह गांव रतनगढ़ के पास पहुंचे। उसी दौरान एक अर्टिगा कार उनकी कार के आगे अड़ा दी। गाड़ी से छह-सात युवक उतरकर आए। उन्होंने पास आते ही मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी गाड़ी को तोड़ दिया। राहगीरों ने उन्हें किसी तरह बचाया। वारदात को अंजाम देकर जान से मारने की धमकी दी उसके बाद फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। उसने एक युवक कुलदीप उर्फ चामरा को पहचान लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित आरोपित प्रिंस गांव मुकारी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-27 थाना क्राइम टीम गश्त के दौरान सेक्टर-3 के पास स्थित मौजूद थी। उसी दौरान अवैध हथियार सहित युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# किशोर की टिप्पणी करने पर मारपीट कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में सोशल अकाउंट पर डाली पोस्ट पर टिप्पणी करना किशोर का भारी पड़ गया। आरोप है कि किशोर दूध लेकर अपने घर आ रहा था। जहां कार में सवार होकर आए युवकों उस पर नुकीले चीजों से हमला कर घायल कर दिया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं बीच-बचाव करने आई महिला को कार सवार युवकों ने कार के बोनट पर लटकाकर कार को दौड़ा दिया। उसके बाद आरोपित फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। आरोप है कि पुलिस ने मामले सुनवाई नहीं। जिसके बाद वीडियो सोशल साइटों पर

**आरोपित फरार**

**सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में सोशल अकाउंट पर डाली पोस्ट पर टिप्पणी करना किशोर का भारी पड़ गया**

वायरल हो गया। पुलिस ने इस संबंध में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-15 निवासी पूजा ने बताया कि उसका बेटा ऋषभ 12 वीं कक्षा में पढ़ता है। उसके बेटा का माडल टाउन के सात्विक नाम के युवक से इंस्टाग्राम पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया। जब ऋषभ के बड़े भाई रिदम ने मामले को सुलझाने की कोशिश की तो सात्विक ने शनिवार को दोनों भाइयों को माडल टाउन में बुला लिया। दोनों भाई वहां पहुंचे तो पहले से दोस्तों के साथ मौजूद सात्विक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। जिसके बाद दोनों ने घर पहुंच कर अपनी मां पूजा को मामले की जानकारी दी। इसी बीच सात्विक के भाई ने पूजा को फोन उनके बेटों पर ही झगड़ा करने और मारपीट का आरोप लगाया। जिस पर पूजा ने कहा कि उनके बेटों की गलती है तो वह उन्हें समझाएगी। पूजा का आरोप है इतना कहने पर सात्विक का भाई उनके साथ गाली-गलौच करने लगा। जिस पर उसने फोन काट दिया।

**कार के आगे असंतुलित होकर बोनट पर गिरी, 100 मीटर तक कार को दौड़ाया-** पूजा ने आरोप लगाया कि उसका बेटा ऋषभ रविवार को सेक्टर-15 की मार्केट में दूध लेने के लिए गया था। इसी दौरान डीएवी स्कूल के पास सात्विक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर ऋषभ से मारपीट शुरू कर दी। ऋषभ ने अपनी मां को सूचना दी। जिस पर उनकी मां पूजा रिश्तेदारों को साथ लेकर मौके पर पहुंची। उसने बेटे को बचाने की कोशिश की। इस दौरान कार सवारों ने उसे भी टक्कर मारी। वह असंतुलित होकर कार के बोनट पर गिर गई।

# दलबीर मलिक बने पत्रकार एकता संघ के प्रदेश के मुख्य संरक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पत्रकार एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 17 स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया व प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया के निर्देशानुसार दलबीर मलिक को जिला मुख्य संरक्षक से प्रदेश मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया। दलबीर मलिक ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व संगठन द्वारा सौंपा गया है मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। इसके साथ ही जिले की कार्यकारिणी में भी फेरबदल करते हुए जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक ने सूरज कमल सेठ को संगठन सचिव से प्रचार सचिव एवं अनिल वर्मा को प्रचार



सचिव से संगठन सचिव बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने तीनों पदाधिकारियों को उनके नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर नें कहा कि पत्रकार एकता संघ हरियाणा इकाई पत्रकारों के हित लिए सरकार से मांग करेगी कि हरियाणा मे पडने वाले सभी टोल पत्रकारो के लिये निशुल्क किये जाय, प्रेस कार्ड या संगठन का कार्ड दिखाने पर पत्रकारों को टोल से निशुल्क जाने दिया जाय, जिले के सभी शासकीय , अशासकीय विभागों में समाचार संकलन मे अपेक्षित सहयोग सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा किया जाय, पत्रकारों की बात को गम्भीरता से सुना जाय, समाचार पत्र मे प्रकाशित, इलैक्ट्रानिक मीडिया मे चली खबर को संज्ञान लेकर यथोचित कृत

**जिम्मेदारी**

**पत्रकारिता के क्षेत्र में आज अनेक चुनोतियाँ हैं, पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल रहा है: दलबीर मलिक**

कार्यवाही अमल मे लायी जाय, पत्रकार सुरक्षा कानून अति शीघ्र लागू किया जाय जिससे पत्रकार सही आईने के रुप मे कार्य कर सके, पत्रकारों का मानदेय निर्धारित कर पेंशन की भी व्यवस्था की जाय, समाचार संकलन के द्वारा यदि कोई सरकारी, अर्द्ध सरकारी अधिकारी / कर्मचारी वाधा पहुंचाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल मे लायी जाय। उन्होंने कहा कि मीडिया संविधान का चौथा स्तम्भ है इसे मजबूती प्रदान की जाय जिससे हर व्यक्ति को न्याय मिल सके, ईमानदार, कर्मठ अधिकारियों / कर्मचारियों का मान बढे और कर्तव्य के प्रति लापरवाह रहने वालो का मान मर्दन हो सके ।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आज अनेक चुनोतियाँ हैं, पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल रहा है. पत्रकार एकता संघ मीडियाकर्मियों की बुलंद आवाज बनेगा। स दौरान जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक नें कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दिए गए दायित्व को ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर मालिक, महासचिव गुलशन ग्रोवर, कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक, ऑडिटर राजेश भटनागर, संगठन सचिव अनिल वर्मा उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर लोहे के पोल बोर्ड से टकराए बाइक सवार, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित बाइक लोहे के पोल बोर्ड से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार युवक व महिला घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। गांव बिधंरौली निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता

**हादसा**

**मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

है। उसकी पत्नी राखी (36) अशंल ग्रीन सोसायटी में खाना बनाने का काम करती थी। वह सुबह काम पर जाती थी। उसके बाद शाम को वापस आ जाती थी। उसकी पत्नी मंगलवार सुबह गांव के ललित नाम के युवक के साथ बाइक पर लिफ्ट मांग कर ड्यूटी पर जा रही थी। जब वह बाइक पर गांव से निकलकर धर्मशाला फार्म हाउस के पास पहुंचे। जहां सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर लोहे के पोल से जा टकराई। हादसे में दोनों घायल हो गए। उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों व पुलिस की मदद से दोनों को नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जबकि मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नगर परिषद थानेसर में भाजपा प्रत्याशी माफी देवी को मिली 32577 वोटों से जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगरपरिषद** थानेसर आम चुनाव 2025 के रिटर्निंग अधिकारी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर आम चुनाव 2025 मतगणना का कार्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन पद पर भाजपा प्रत्याशी माफी देवी को 32577 वोट से जीत हासिल हुई है। आरओ सतेन्द्र सिवाच बुधवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 मतगणना केन्द्र में जीते हुए प्रत्याशियों की घोषणा कर रहे थे। इसके उपरांत आरओ सतेन्द्र सिवाच



ने नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन पद पर विजय प्राप्त करने वाली भाजपा प्रत्याशी माफी देवी और 30 पार्षदों को प्रमाण पत्र दिए। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, भाजपा के प्रदेश संगठन सचिव राहुल राणा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा, भाजपा नेता साहिल सुधा, मलकीत ढांडा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन पद के लिए भाजपा प्रत्याशी माफी देवी को 32577 मतों से जीत हासिल हुई है। इस प्रत्याशी को 69350 मतों में से 47828 मत मिले है। इस प्रकार चेयरपर्सन पद के लिए प्रत्याशी राजबाला को 1840, रुकमणी वाल्मीकि को 2868, कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुमारी को 15251, रतन कौर को 655, नोटा को 908 वोट मिले है। वार्ड 1 में गौरव कुमार को 275 वोटों से जीत हासिल हुई है, इस वार्ड में कुल 2203 वोटों में से गौरव कुमार को 1140 वोट, आकाश भट्ट को 865, कुलविन्द्र को 178, नोटा को 20 वोट, वार्ड 2 में प्रवीण शर्मा को 2039 वोटो से जीत हासिल हुई है, इस वार्ड में कुल 2693 वोटों में से प्रवीण शर्मा को 2338, निशा को 299, नीलम रानी को 17, संजना को 17 और नोटा को 22 वोट मिले है, वार्ड 3 में सिमरन को 355 वोट से जीत हासिल हुई है, इस वार्ड में कुल 1729 वोटों में से सिमरन को 824, आरजू को 469, राज रानी को 412, नोटा को 24 वोट मिले है, वार्ड 4 में कमल किशोर को 333 वोटों से जीत हासिल हुई है, इस वार्ड में कुल 2410 मतों में से कमल किशोर को 1022, नरेश कुमार को 689, धन सिंह को 671, नोटा को 28 वोट मिले है। उन्होंने कहा कि वार्ड 5 में संदीप कोहली को 186 वोटों से जीत हासिल हुई है।

# हुडदंगबाजी करने वालो पर रहेगी नजर: पुलिस अधीक्षक वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पुलिस अधीक्षक** वरुण सिंगला ने कहा कि हमें इस पावन पर्व के अवसर पर जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। त्यौहार की आड में हुडदंगबाजी करने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। होली पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पर्याप्त व्यापक प्रबंध किए हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए विशेष बैरिकेड्स लगाकर नाकाबंदी करके चेकिंग के आदेश जारी किये गए हैं। इसके अतिरिक्त, होली समारोहों और सभाओं में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए



सार्वजनिक स्थानों पर गश्त के लिए पुलिस कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है। असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वालों पर कानून के अनुसार सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और रंगों का त्योहार मनाते समय उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की भी अपील की। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा होली के पावन पर्व पर शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध किए गए है।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध खनन करने वाले को विभाग ने किया 2 लाख 15 हजार का जुर्माना

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** खनन विभाग हरियाणा के महानिदेशक एम पांडुरंग के निदेशों पर व जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में विभाग ने जिले में खनन माफिया पर शिकंजा कस दिया है एनफोर्समेंट की टीम के साथ खनन विभाग की टीम जगह जगह तलाशी अभियान चलाए हुए हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि बुधवार को खोजकी पुर के पास ट्रैक्टर ट्राली में रेती लेकर जा रहे एक खनन माफिया को पकड़ा व उन पर 2 लाख 15 हजार रुपए का जुमार्ना कर दिया। इस मौके पर कर्मवीर, नितेश, कांस्टेबल कर्मवीर, एसआई राजेश मौजूद रहे।

### स्वर्गीय दिनेश प्रधान की याद में दंगल आयोजित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**स्वर्गीय** दिनेश प्रधान की याद में और श्री श्याम बाबा चुलकाना धाम के मेले के उपलक्ष्य में हर साल की तरह श्री श्याम बाबा दंगल कमेटी व समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से कन्या पाठशाला चुलकाना में दंगल का आयोजन किया गया । जिसमे उमेद प्रधान दिल्ली ने 11 हजार रुपए दिए सुरेश डाडोला ने 11 हजार व बिल्लू प्रधान चुलकाना ने 11 हजार रुपए दिए । भाई बिल्लू चुलकाना ने बताया की वह अपने स्व.भाई दिनेश प्रधान की याद में हर साल दंगल का आयोजन करवाया जाता हैं। इस मोके पर गाँव के सरपंच के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### जीयू होटल मैनेजमेंट के 6 छात्रों का फ़्रांस के प्रतिष्ठित होटल में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) होटल मैंनेजमेंट** गीता यूनिवर्सिटी के 6 छात्र फ़्रांस के प्रतिष्ठित होटल में इंटर्नशिप के लिए चयनित हुए है। छात्रों के चयन से यूनिवर्सिटी में खुशी का माहौल है। जीयू के चांसलर एसपी बंसल ने चयनित छात्रों व स्टाफ को बधाई दी है। जीयू होटल मैंनेजमेंट के प्रिंसिपल डॉ सुशील मिश्रा ने बताया की जीयू के 6 छात्रों का चयन फ्रांस के प्रतिष्ठित होटलों में पेड इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। छात्रों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर बड़े होटल में काम करने का अनुभव मिलेगा। साथ ही छात्र अपने कैरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी के दूसरे छात्रों को भी फ़्रांस में चयनित छात्रों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। छात्रों की इस उपब्धि पर जीयू में खुशी का माहौल है।

### नगराधीश पूजा कुमारी ने सुनी आमजन की समस्यायें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: मुख्य कार्यकारी** शिवालिक डेवल्पमेंट बोर्ड एवं नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है इसलिए समाधान शिविर में प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए उसका निदान करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। समाधान शिविर में प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं को मौके पर ही समाधान करवाया जाए। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय के कॉफेस हॉल में जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रही थी और समाधान शिविर के द्दष्टिगत सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान करवाया। इस मौके पर समाधान शिविर में 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इन शिकायतों में परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित समस्याएं शामिल थी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा निदेर्शानुसार जिले में जिला स्तर एवं उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर समयबद्धतापूर्वक लोगों की समस्याओं का समाधान करते है। इस मौके पर डीएसपी विरेन्द्र कुमार के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आई.बी. (पी.जी.) कॉलेज की सात दिवसीय शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

आई.बी. (पी.जी.) कॉलेज, पानीपत की एन.एस.एस. इकाई द्वारा "युवा एवं डिजिटल साक्षरता" विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का सफल समापन हुआ । एन. एस. एस. कैंप के समापन अवसर पर आई. बी. प्रबंध समिति के महासचिव एल. एन. मिगलानी ने सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष दिया व कहा कि सिर्फ सात दिवसीय कैंप में नहीं बल्कि छात्र समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में भी समाहित करे । आज का युवा अपने व्यक्तित्व का विकास करेगा तो देश स्वयंमेव ही विकसित होगा । प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने सफल आयोजन के लिए एन.



एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर खुशबू एवं एन. एस. एस. प्रॉक्टर डॉ. जोगेश व सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि ये कैंप टीम भावना तो उत्पन्न करता ही है साथ-साथ छात्रों को अनुशासन, आत्मसंयम व देशभक्ति की भावना पैदा कर उनके व्यक्तित्व का विकास करता है । शिविर के अंतिम दिन की शुरूआत जुम्बा सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम किया । इसके बाद, स्वयंसेवकों ने खोतपुरा स्थित काला पीर में लंगर सेवा कर सामाजिक योगदान दिया । इसके पश्चात "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने गाँववासियों को बेटियों को स्कूल और कॉलेज भेजने के लिए प्रेरित किया । शिविर का समापन समारोह खोतपुरा के सरकारी अस्पताल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवक वंशिका ने किया।

सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट नेहा और पार्वती ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक, डॉ. जोगेश और एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी मिस खुशबू ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

# अवैध खनन के रास्तों को तुरंत प्रभाव से किया गया बंद: उपायुक्त मनोज



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। उपायुक्त** डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि जिला में किसी भी प्रकार के अवैध खनन करने वाले वाहनों की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा यमुना नदी क्षेत्र के गांवों मेहंदीपुर, टिकौला, जैनपुर में अवैध खनन करने वाले रास्तों को तुरंत प्रभाव से जे0सी0बी मशीन की सहायता से बंद किया गया है। साथ ही अवैध खनन को रोकने के लिए दिन रात वाहनों की चैकिंग की जा रही है और वाहनों को पकड़ कर जब्त किया जा रहा है व जुमार्ना लगा कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। जिला में होने वाले अवैध खनन की सूचना तुरंत जिला खनन विभाग कार्यालय एवं खंड स्तर पर सहायक खनन अभियंता कार्यालय में दें।

# इफको ग्राम बोहला खालसा में हुआ चिकित्सा जांच अभियान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इफको ग्राम** बोहला खालसा की बाबा हरिदास कृष्ण गोपाल गौशाला में इफको द्वारा बुधवार को चिकित्सा जांच अभियान का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम गौशाला कमेटी के प्रधान लाला सुंदर लाल गुप्ता ने अपनी कमेटी के साथ कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया तथा इफको व स्वास्थ्य विभाग की टीम को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निगदू से एसएमओ डॉ. राजेश चौधरी, दन्त चिकित्सक डॉ. गौरव व डॉ. मधुसूदन की टीम ने लगभग 100 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा इसके बाद सभी को निशुल्क दवाइयां वितरित की। इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. निरंजन सिंह द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। चिकित्सा जांच अभियान में गांव बोहला खालसा के आसपास के गांवों से किसान, मजदूर, गांव की महिलाओं, बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें शुगर, बीपी, एलर्जी, दांतों की जांच आदि की गई। उन्होंने बताया कि इफको संस्था मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है व मिट्टी के स्वास्थ्य की जांच करवाती रही है।

# हम सब मिलकर विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करेंगे: सांसद नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सांसद नवीन** जिन्दल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को मिली ऐतिहासिक जीत, भाजपा सरकार की विकासकारी नीतियों का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हो रहे देश व प्रदेश के विकास पर जनता ने विश्वास की मोहर लगाई है। जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र से जारी विज्ञप्ति में सांसद नवीन जिन्दल ने थानेसर नगर परिषद से माफी ढांडा और इस्माइलाबाद नगरपालिका से मेघा



बंसल गर्ग की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर की है। इसके अलावा पार्टी के पार्षद पद के प्रत्याशियों ने अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की है। जिससे जनता के बीच भाजपा सरकार लोकप्रियता और सुशासन की नीतियों की पुष्टि हुई है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, निकाय चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को मिली सफलता जनता के भाजपा सरकार में विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नायब सैनी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का प्रमाण है। यह जीत कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और जनता की सेवा के प्रति समर्पण का नतीजा है।उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरें तथा अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें।

# धुलंडी के दिन लगेगा बाबा जगनदास महाराज का मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बुचौली में** बाबा जगनदास महाराज का महान मेला शुक्रवार को लगेगा, उसी दिन बाबा का देसी घी से बने पकवान का भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें गांव बुचौली, सिगड़ा, सिगड़ी, मेघनवास, डुलाना, महेंद्रगढ़ शहर व क्षेत्र के आसपास के गांवों से श्रद्धालुओ ने बाबा के चरणों में माथा टेककर बाबा के दर्शन करेंगे। राजेश महाराज और बाबा के भक्त सतीश मेहरा, अनिल मेहरा बैंक मैनेजर एवं जयसिंह मेहरा नंबरदार ने बताया कि बाबा के धाम में जो श्रद्धालु सच्चे मन से अरदास करके मन्नते मांगने आता है।

# भाजपा की नीति और नीयत पर है जनता की मुहर: अनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : थानेसर सहित** प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में बड़े मार्जिन के साथ भाजपा मेयर प्रत्याशियों और वार्ड पार्षदों के जीत हासिल करने से ट्रिपल इंजन की तीसरी सरकार का गठन होना यह साबित करता है कि भाजपा की नियत और नीतियों को प्रदेश की जनता ने एकमत से स्वीकार किया है। यह विचार भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने भाजपा की धुआंधार जीत के पश्चात व्यक्त किए ।उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा के मेयर सहित वार्ड पार्षदों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत हासिल की है। अनिल वर्मा ने कहा कि चुनावी घोषणा के साथ ही भाजपा शीर्ष



नेतृत्व ने इन चुनावों को जीतने के लिए कड़ी मेहनत की योजना तय कर ली थी जिसके परिणाम स्वरूप आज पूरे प्रदेश के स्थानीय स्तर के निकाय चुनावों में बहुमत से कमल खिला है ।अनिल वर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने तो चुनाव से पूर्व ही अपनी हार स्वीकारते हुए न तो अपने प्रत्याशी खड़े किए और जहां चुनाव चिन्ह दिया भी वहां भी गंभीरतापूर्वक प्रचार नहीं किया जिससे स्पष्ट था कि विपक्ष ने पहले ही अपनी हार मान ली है और केवल खानापूर्ति के लिए ही कहीं- कहीं अपने प्रत्याशियों को बलि का बकरा बनाते हुए चुनाव में खड़ा किया है। अनिल वर्मा ने कहा कि यह जीत प्रदेश की जनता की भारतीय जनता पार्टी के प्रति अटूट श्रद्धा,निष्ठा और विश्वास को व्यक्त करती है ।अनिल वर्मा ने कहा कि उनको विश्वास है कि जीते हुए मेयर और पार्षद बिना भेदभाव के अपने वार्डों का विकास करवाएंगे और जनता के वोट को सही साबित करने का काम करेंगे ।अनिल वर्मा ने थानेसर से जीत हासिल करने वाली मेयर प्रत्याशी माफी ढांडा,सभी विजेता पार्षदों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली,सांसद नवीन जिंदल,कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी,पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,जिला भाजपा अध्यक्ष सुशील राणा,घुम्मण सिंह,रविंदर सांगवान,उमा सुधा,धर्मवीर मिजार्पुर,सुभाष कल्साना,डीडी शर्मा,परमजीत कौर कश्यप,कैलाश सैनी,साहिल सुधा,वन्दना गौरी,रेणु खुग्गर,सुनील बक्शी,हरीश अरोड़ा,विवेक भट्ट,ऋषिपाल मथाना सहित सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

# पीसीसी अकैडमी में सेमिनार का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: पीसी**सी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य होली त्यौहार को लेकर था पीसीसी अकादमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहां होली त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है जो आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है परंतु आजकल की कुछ युवा पीढ़ी इस त्यौहार को गलत तरीके से मनाते हैं। शिल्पा परुथी ने कहा होली त्यौहार पर आप उन लोगों को माफ कर दें जिसे आप नाराज हैं और गुलाल लगाकर भाईचारे को कायम करें यह त्यौहार आपसी भाईचारे को बढ़ाता है। राजीव परुथी ने सभी बच्चों से अपील की आप गुलाल का ही इस्तेमाल करें परंतु आजकल कुछ लोग इस त्यौहार को गलत तरीके से मनाकर समाज में बुराई फैलाने का काम करते हैं । राजीव परुथी ने कहा कुछ लोग अंडों का इस्तेमाल करते हैं जो कि गलत है कुछ बाइक या बुलेट के साइलेंसरों की आवाज को तेज करके पटाखे बजाने का काम करते हैं। कुछ लोगों के लिए दुश्मनी निकालने का दिन भी माना जाता है कुछ लोग इस दिन अपनी दुश्मनी निकालने का काम करते हैं जिससे वह पहचाना ना जाए राजीव परुथी ने पानीपत के सभी युवाओं एवं प्रदेश की जनता को अपील की इस त्यौहार को सादगी से मनाए ऐसे पदार्थ का इस्तेमाल न करें। जिससे आपके आंखों की रोशनी जाने का खतरा बन जाए।

# गीता विद्यालय के छात्र निखिल बिंद का डी0डी0पंजाबी चौनल पर हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :श्रीमद्भागवद्गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 11वीं कक्षा के छात्र निखिल बिदं का डी0डी पंजाबी चैनल पर प्रसारित होने वाले नार्थ इण्डियन स्तर कार्यक्रम *किसमें कितना है दम* के ग्राण्ड फिनाले में हिन्दी लेखन प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इस कार्यक्रम की सूचना डी 0 डी0 पंजाबी चैनल की टीम द्वारा निखिल बिंद के साक्षात्कार लेने के लिए विद्यालय में पहुँचने पर मिली । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को नकद पाँच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है ।



निखिल बिंद की इस उपलब्धि पर निखिल बिंद के परिवार तथा विद्यालय परिवार में अत्यन्त खुशी का वातावरण है विद्यालय प्राचार्य अनिल मदान, विद्यालरा स्टाफ, विद्यालय समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंगला, उपाध्यक्ष अशोक रोशा ,प्रबंधक विरेन्द्र वालिया ,कोषाध्यक्ष रमेश गुलाठी, सदस्य जंगबहादुर सिंगला ने इस विशेष उपलब्धि पर भैया निखिल बिंद को शुभकामनाएँ प्रदान की तथा प्रथम पुरस्कार लाने का आशीर्वाद दिया।

# हर समस्या का समाधान करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी: डॉ. संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**


**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नही है जहां विकास को तव्वजो नहीं दी जा रही हो। हर क्षेत्र में जिस तरह से विकास की गंगा बह रही है उससे प्रदेश के लोगों में समृद्धि व खुशहाली स्पष्टद्द रूप से दिखाई देने लग गई है। इस दिशा में मुख्यमंत्री द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लोगों को भरपूर मात्रा में लाभ मिल रहा है। बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के दिशा




निर्देश पर जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि ये समाधान शिविर जनता के उत्थान को लेकर आयोजित किए जा रहे है। इनमें ज्यादातर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जरूरतमंदों के लिए समाधान शिविर नाम का जो मंच दिया है उससे जिले के अनगनित लोगों को सीधा लाभ पहुंच रहा है। यह समाधान शिविर लोगों में विश्वास की एक लौ पैदा करने में पूरी तरह सफल रहा है। समाधान शिविर में अधिकारी जिस प्रकार से समस्याओं का समाधान कर रहे हैं उससे देख करउ लगता है कि कुछ ही समय में जिले में समस्याएं समाप्त हो जायेंगी। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में जो लोग समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा होना चाहिए क्योंकि सभी अधिकारियों का केन्द्र बिन्दू समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान पर केन्द्रीत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं को पहले समझे उसके पश्चात उनका समाधान करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में बुधवार को 37 समस्याएं पहुंची जिनमें से ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, पैंशन व पुलिस विभाग से सम्बंधित थी। समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंची सुनीता देवी ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। उसे सरकार की योजना के हिसाब से विधवा पैंशन का लाभ मिलना चाहिए लेकिन वह अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हे यह लाभ अगर यह लाभ मिल जाये तो उनकी आगका जीवन खुशहाल बन जायेगा। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। प्रार्थी रविन्द्र कुमार वासी बुढशाम ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें लाडली योजना का चैक दो महीने से आंगनबाड़ी के दफ्तर में रखा है। उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है।


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सुभाष दीक्षित
प्रधान, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
सत्यपाल शर्मा
महामंत्री, जागरूक उपभोक्ता मंच


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
Er. Rt. Narender Chugh
Chairman: Manav Sewa Foundation
Chairman: Rotary Club Delhi Metro Membership Development and Retention
President: Delhi Seeds Association
Chief Patron: Punjabi Sabha, Delhi North-West,
Chief Patron: Shree Ramlila Committee, Model Town
Chief Patron: Sai Sansthan Regd, Delhi
Trustee: MD City Hospital, North Ex, Model Town
Trustee: The Rakesh Bhardwaj Memorial Trust
Trustee: Param Avinashi Hari Govind Dham, Haridwar
Trustee: Madhav Govind Trust, Moradabad
Patron: RWA, Model Town
Patron: Shree Ji Sewa Sansthan
Patron: Senior Citizen Forum Model Town
Executive Member: Federation of Model Town Associations
Life Member: ISCKON International
Life Member: Red Cross Society
Life Member: Rajeev Gandhi Cancer Foundation
HERITAGE SEEDS PVT LTD. 201, 2nd Floor, Lusa Tower, Near Akash Cinema, Azadpur, DELHI-110033
HERITAGE COMMUNICATIONS Chand Nagar, Tilak Nagar, Delhi.
Mobile, Phones Accessories. Also Mobile Repair Shop


सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
TILES
SANITARYWARE
Mohan Garg
9354212413
Jai Prakash Goyal
9811041323
India's Fifth Largest
Manufacturer Of Sanitaryware
SOMANY
TILES • BATHWARE
SOMANY DURAGRES
STRONG, Stylish & LONG-LASTING
50 YEARS
LEADERSHIP IN DESIGN AND INNOVATION
E-mail : bathjewels94@gmail.com
BATH JEWELS
K-6, KEWAL PARK EXTN.,
AZADPUR, DELHI-110033
Sagar Garg #7982107189 | Sanchit Garg #8383880905
MOHAN PAINTS & SANITARY STORE
K-6B, Kewal Park Extn., Azadpur, Delhi-110033
E-mail : mohanpaints.co.in@gmail.com


सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
GARHWAL BAKERS
9999320707
Happiest days must be celebrated.....
GARHWAL BAKER'S
Garhwal BAKER'S
CAKES & COOKIES
RAMLAL UNIYAL
92122 73454
SURESH UNIYAL
9999320707
A-57, Kewal Park, Main Road,
Azadpur, Delhi-110033
www.garhwalbakers.com

# जौनपुर बनेगा स्मार्ट सिटीः मुख्यमंत्री

## एम योगी ने सामूहिक विवाह में नए जोड़ों को आशीर्वाद दिया ।मुख्यमंत्री योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः सीएम योगी** आदित्यनाथ बुधवार को जौनपुर पहुंचे। जौनपुर महोत्सव में तीसरे दिन मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहीं सीएम योगी ने सामूहिक विवाह में नए जोड़ों को आशीर्वाद दिया ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव के तीसरे दिन सामूहिक विवाह में हिस्सा लेने पहुंचे। मौके पर खेल राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव व जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने सीएम योगी का स्वागत किया। इसके बाद टीडी कॉलेज के छात्र- छत्राओं द्वारा गणेश वंदना की गई। इस दौरान खेल राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा कि एक बार आग्रह पर मुख्यमंत्री महोत्सव में आए और



उन्होंने प्रमाणित किया कि गरीबों के लिए हमेशा खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने सभी तबके को सरकारी योजनाओं से जोड़ कर सबका विकास किया है। गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ने में सरकार हमेशा तत्पर है। अब तक यहां 12 हजार आवास मुहैया कराया गया है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में जौनपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए कहा । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लड़कियों को स्कूटी भी देंगे।आयोजित कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधियों और दूर- दराज से आए लोगों के स्वागत का संदेश देते हुए किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस 1001 नव विवाहित दंपतियों को प्रदेश सरकार की ओर से हृदय से अभिनंदन। इस कार्यक्रम से मुझे जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि 1.86 करोड़ लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना का लाभ प्रदेश सरकार ने दिया। सभी को सिलिंडर दिया गया। जैसे- जैसे लोग पंजीकरण कराएंगे, लाभ मिलता जाएगा। कहा कि विकास बहुत महत्वपूर्ण है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव हर गरीब, युवा, किसान और महिला को सभी लाभ दे रही है। बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ हो या सामूहिक विवाह हो, मंगल कामना के साथ सरकार हमेशा खड़ी है। सरकार हमेशा आपके साथ है। कहा पहले लोग मजाक उड़ाते थे, आज जौनपुर के कार्यक्रम तक प्रदेश में चार लाख विवाह करा चुके हैं। यह समाज की आवश्यकता थी कि कोई बेटी बिन ब्याही न रहे। सीएम योगी ने कहा आज जौनपुर में आया हूं। यहां का इतिहास है यहां की इमरती। इमरती को भी अब जीआई टैग मिल गया है। कोई मेहमान आए तो इमरती ही गिफ्ट कीजिए। उसकी मिठास हमेशा उसके जीवन में घुली रहेगी। जौनपुर का इत्र और यहां की दरी दीजिए।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल ने खिरकिटा पहुंचा, पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः समा**जवादी पार्टी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दलित युवक सत्यम कुमार के घर पहुंचा और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उम्र 23 वर्ष के सत्यम ग्राम खिरकिटा थाना गोला विधानसभा चिल्लूपार जनपद गोरखपुर की निर्मम हत्या दबंगों द्वारा कर दी गई थी । उक्त घटना में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उक्त घटना की पूरी जानकारी ली । मृतक के परिजन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मिलने की इच्छा व्यक्त की है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अति शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष से वार्ता कर परिजन से मुलाकात कराई जाएगी और मृतक परिजन को हर



संभव मदद दी जाएगी।

मौके पर जिला अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम समाजवादी पार्टी गोरखपुर,अवधेश यादव प्रदेश सचिव,दयाशंकर निषाद प्रदेश सचिव,विजय कुमार यादव पूर्व प्रमुख,धनंजय सिंह सैंथवार प्रदेश कार्यकारी सदस्य, अजय कनौजिया जिला उपाध्यक्ष, शिव कुमार दुबे जिला उपाध्यक्ष, संजय पासवान जिला पंचायत सदस्य,अमरजीत यादव विधानसभा अध्यक्ष चिल्लूपार, राम निरंजन यादव विधानसभा अध्यक्ष बांसगांव,राम प्रसाद शर्मा, जिला कार्यकारी सदस्य, डॉक्टर अच्छेबर रंजन भारती, राजू प्रसाद,सलीम शेख विधानसभा महासचिव चिल्लूपार,श्रीकांत यादव, अखिलेश यादव, मृत्युंजय पांडे ब्लॉक अध्यक्ष बांसगांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गिनी का आशियाँ उन सभी लोगों के लिए है, जिनका मानना है कि ह्यघर जगह से नहीं, लोगों से बनता है

**नई दिल्ली।** इंडी स्टोरीटैलिंग की नई लहर आ गई है। इसमें 19 वर्षीय गायिका-गीतलेखिका, गिनी की अहम भूमिका है, जिनके बोल एक कविता की तरह सुकूनभरी धुनों के साथ दिल में उतर जाते हैं। अपने दर्दभरे गीतों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर समुदायों के गहरे रिश्तों के साथ गिनी देश में सबसे रोमांचक युवा कलाकारों में से एक हैं। उनका नया गीत आशियाँ किसी को आपका आश्रय बनाने की खूबसूरत भावनाओं को पेश करता है। अपने इंडिया टूर (द कोजी टूर) में उन्होंने अपने सुपर




फैन्स के लिए बहुत करीबी शो किए, जिससे गिनी के श्रोताओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी। अब वो पूरे देश के कॉलेजों में परफॉर्म करने की तैयारी कर रही हैं। आशियाँ में उन्होंने ज्यादा उत्साह वाली बोसा वाईब्स को सबसे शुद्ध रूप में खोजा है। उन्होंने देर रात चचाओं, शांत आश्वासनों, और जीवन के उथल-पुथल में सुकून लाने वाली निशब्द समझ के बारे में बताया है। यह गीत गिनी ने लिखा और गाया है। इसे राघव मियेटल और भारत राजीवन ने को-कंपोज किया है। यह गाना भारत राजीवन के प्रोडक्शन, डैन थॉमस के ड्रम, और भरत के गिटार के साथ पूर्ण हुआ है। इसे अभिषेक घटक मिक्स करके परफेक्शन तक ले गए हैं। आशियाँ की धुन ऐसी है जो आपको घर से दूर कहीं, घर जैसा महसूस कराएगी।

इस गाने के बारे में गिनी ने कहा, ह्यह्यआशियाँ मेरे लिए एक गीत से बढ़कर है। यह उन सभी भावनाओं का संग्रह है जो मुझे कभी महसूस हुई हैं, और जिनके द्वारा मैंने घर से दूर एक घर पाने की कोशिश की है। यह उन लोगों के लिए आभार का गीत है, प्यार की अभिव्यक्ति है, जो आपको घर जैसा महसूस कराते हैं। मुझे उम्मीद है कि आप इस गाने के माध्यम से उन लोगों के लिए अपने प्यार की अभिव्यक्ति कर सकेंगे, जो आपको वो एहसास प्रदान करते हैं। इस गाने में वह प्रभाव लाने के लिए मैं अपनी टीम और मेरा सहयोग करने वाले सभी लोगों की बहुत आभारी हूँ। उन सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद! आपका प्यार मेरे लिए बहुत मायने रखता है, और मैं आपके लिए और भी बहुत लेकर आने के लिए उत्सुक हूँ।

### सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**बिजनौर**

**बीती** देर रात मुरादाबाद मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे ने एक नवविवाहित जोड़े की खुशियों को मातम में बदल दिया। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी जीनत गंभीर रूप से घायल है और जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। जानकारी के मुताबिक, स्योहारा थाना क्षेत्र गांव मधुपुरा निवासी शाहनवाज, पुत्र दिलशाद, अपनी पत्नी जीनत के साथ बाइक से ससुराल सहसपुर देहात जा रहा था। जैसे ही वे सहसपुर के पास पहुंचे, उनकी बाइक लापरवाही से खड़े रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहनवाज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि जीनत को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रोड रोलर को कब्जे में ले लिया। हालांकि, अब तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शाहनवाज के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही है। पूरे परिवार में गम का माहौल है। कुछ महीने पहले ही शाहनवाज और जीनत की शादी हुई थी, लेकिन इस भीषण हादसे ने परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में डाल दिया।

## जन समस्याओं का जल्द निस्तारण कर आय वृद्धि के लिए उठाए ठोस कदम

**जालौनः जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने मानचित्र समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य को त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि मानचित्र स्वीकृति में किसी भी नागरिक को कठिनाई न हो और मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने अवैध निमार्णों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई में तेजी लाई जाए और विकास प्राधिकरण की आय में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि चालान जारी होने के बाद भी नोटिस की तामील नहीं

# भारत के अलावा कई देशों से म्यांमार में फंसे लोग मजबूरन कर रहे साइबर ठगी

## म्यांमार में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया, पूछताछ के दौरान पीड़ितों ने कई बातें बतायी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः विदेश** में अच्छी नौकरी का झांसा देकर म्यांमार बुलाकर साइबर ठगी के जाल में फंसाए गए 530 भारतीयों को दस मार्च को सकुशल भारत वापस लाया गया है। इनमें से 64 उत्तर प्रदेश के हैं, जो अन्य जिलों के रहने वाले हैं। इन लोगों से यूपी एसटीएफ, समेत सुरक्षा जांच एजेंसी की टीमों ने पूछताछ की। भारतीय नागरिकों ने बताया कि म्यांमार में साइबर ठगी कराई जाती थी और पूरे दिन में एक भी शिकार उनके हाथ नहीं लगता था तो उन्हें कई तरह से प्रताड़ित किया जाता था। चार घंटे सोने को और बाकी समय काम कराया जाता था। उन्होंने म्यांमार में अपने साथ हुई बर्बरता की आपबीती बयां की। कुछ लोग तो अपने ऊपर हुए सितम की दास्ता बयां करते हुए रोने लगते थे। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश के नेतृत्व में टीमों ने म्यांमार से भारत लाए गए लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय संगठित गिरोह, साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आये थे। उन्हें अधिक वेतन का झांसा देकर कम्पयूटर डाट आपरेटर, कॉल हैडलर समेत कई विभिन्न प्रकार की नौकरियां बतायी गई थी। इसके लिए ऑनलाइन इंटरव्यू लिया और पास होने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और मेल के जरिए नियुक्ति पत्र भेजा गया था। बैकांक पहुंचने पर गिरोह के लोगों उन्हें म्यांमार बार्डर के एक होटल में ठहराया गया। अगले दिन गिरोह के दूसरे लोग म्यांमार थाईलैंड बार्डर की नदी पार करके एक स्थान पर ले जाया गया। यहां पर रहने के लिए हॉस्टल, ट्रेनिंग सेंटर बना रखे थे। उन लोगों के यहां पर पहुंचने पर उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज छिपा लेते थे। इसका विरोध करने वालों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता था।

## होली के पर्व के दौरान ढकी जाएगी मस्जिदें

**लखनऊः होली** का त्यौहार और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। होली पर चलने वाले रंग को देखते हुए मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई है। कुछ जगहों पर ढक दी गई हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। साथ ही हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश पुलिस को दिये हैं। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की इजाजत न दी जाए।

# बागपत में मुठभेड़ के बाद नौ टावर चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बागपतः बागपत** जनपद की खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद टावर चोर गिरोह के 9 बदमाश पकड़े हैं। पुलिस का कहना है कि ये सभी गाजियाबाद जनपद के रहने वाले हैं। इनके पास से काफी मात्रा में चोरी किया टावर का सामान ओर देशी तमंचे बरामद किये गए हैं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी है कि खेकड़ा पुलिस और स्वाट टीम ने मिलकर टावर के सामान चोरी करने वाले गिरोह पर



सफलता पाई है। गिरोह के नौ सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो चोर पुलिस की गोली से घायल हुए है। उनके कब्जे से 14 आरआरयू, 5 आरआरयू कवर, 08 बेसबैण्ड प्लेट, 36 बेसबैण्ड फैन (कीमत लगभग एक करोड़ अर्टिका (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई है।

## संभल में होली पर ढकी जाएंगी मस्जिदे

**लखनऊः होली** और जुमे की नमाज एक दिन पड़ने पर सुरक्षा दृष्टि से संभल कोतवाली में धार्मिक गुरुओं के साथ बैठक हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया है कि होली के जुलूस और मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढका जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने बुधवार को बताया कि नगरीय क्षेत्र में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों के मुतवल्लियों की मीटिंग हुई थी। इसमें होली के जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढक दिया जाएगा। इसके अलावा जो समय निर्धारित हुआ इसके अनुसार ही जुलूस निकालेगा। उन्होंने बताया कि जुलूस मार्ग में 10 मस्जिद पड़ेंगी।

# नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवानों ने खेली होली



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** लखनऊ में स्कूल कालेज में नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवान छात्र छात्राओं ने गुलाल अबीर लगाकर होली खेला और छुट्टी से पहले एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। स्कूलों के बच्चों ने परिसर के बाहर सड़क पर सुर्ख गुलाल से होली खेला तो वहीं पार्कों में बड़ी संख्या में स्कूल ड्रेस में बच्चें एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिले। नेशनल कालेज के बाहर छात्र छात्राओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ायें और हैप्पी होली चिल्लाते हुए एक दूसरे को पर्व की शुभकामना दीं।

छात्राओं काजल एवं मनीषा ने कहा कि अब हम सभी दोस्त होली के बाद मिलेगें। इसके लिए आज ही होली खेल लिया गया है। होली में गुलाल का उपयोग कर उत्साह को बांटा गया है। सीतापुर रोड स्थित एस.आर. ग्लोबल स्कूल में एमएलसी पवन सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं के मध्य पहुंचकर होली उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की। पवन सिंह चौहान ने कालेज के बच्चों संग हर्बल गुलाल से होली खेला और रंगोत्सव के महापर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाने की छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दिया। रेडियंस किड्स इंटरनेशनल प्राइमरी स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुधीर हलवासिया पहुंचे। सुधीर हलवासिया ने नन्हे मुन्नों की पेंटिंग देखी और उन्हें गुलाल लगाकर होली पर्व के बारे में बताया। बच्चों को उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। सुधीर हलवासिया स्वयं भी बच्चों के साथ घुलमिल कर बच्चे हो गये।

शिया पीजी कालेज में एनसीसी से जुड़े छात्र छात्राओं ने होली खेली। होली खेलते हुए छात्र छात्राओं को एनसीसी इंचार्ज अजीत सिंह ने अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए होली के महत्व के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने अपने इंचार्ज को भी अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई अर्पित किया।

# मंदिर प्रशासन के दबाव में ढक कर गयी रजत पालकी

## महंत आवास से परंपरागत पालकी यात्रा के समय में अचानक परिवर्तन और पालकी के ढके होने पर महंत परिवार ने कारण बताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः श्री** काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) के मौके पर मंदिर के पूर्व महंत परिवार और मंदिर प्रशासन के बीच विवाद गहरा गया है। मंदिर के पूर्व महंत स्व.डॉ कुलपति तिवारी के पुत्र पंडित वाचस्पति तिवारी ने बुधवार को टेढ़ीनीम स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पूरी घटना का सिलसिलेवार विवरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने अचानक 168 बी की नोटिस जारी कर महंत आवास पर परंपरागत पालकी यात्रा और उत्सव को रोकने का प्रयास किया। इस नोटिस में मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति के निधन के बाद परंपरा को न मानने का आदेश दिया गया, जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। महंत तिवारी के अनुसार, इस विशिष्ट आयोजन में हर साल बाबा के भक्त सक्रिय रूप से बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, लेकिन नोटिस के बाद मंदिर प्रशासन पर दबाव बढ़ा और फिर एक साजिश के तहत बाबा की पालकी को जमीन पर रखवा दिया गया। इसके बाद काशी के जनप्रतिनिधियों, मंदिर प्रशासन, वाराणसी मण्डल और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, लेकिन इस परंपरागत पालकी यात्रा पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया। महंत ने बताया कि रविवार रात महादेव के ससुराल आगमन के लोकाचार के दौरान महंत आवास पर बाबा के भक्तों की मौजूदगी के बाद देर रात मंदिर प्रशासन ने महंत परिवार पर अनैतिक दबाव बनाया। मंदिर प्रशासन ने कहा कि अगर महंत परिवार इस परंपरा को जारी रखता है, तो मंदिर प्रशासन बाबा की प्रतिमा को सीज कर देगा और महंत परिवार को उनके घर से निकलने नहीं दिया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने यह भी धमकी दी कि संकरी गलियों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे, और अगर कोई दुर्घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार महंत परिवार और श्रद्धालु ही होंगे। महंत तिवारी ने आरोप लगाया कि मंदिर प्रशासन ने काशी की प्राचीन परंपरा को दरकिनार करते हुए बाबा की पालकी को गर्भगृह में स्थापित करने के बजाय कहा कि परिसर में जगह उपलब्ध कराया जाएगा। जहां से आप श्रद्धालुओं सहित अपने समय पर सभी लोकाचार को पूरा करेंगे।

# फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने पीडब्ल्यूडी को दिए 55 करोड़

## मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा के 48 किमी लंबे मार्ग को फोरलेन करने और उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः पीडब्ल्यूडी** ने मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों ने लखनऊ मुख्यालय को पत्र भेजा है। मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग 48 किलोमीटर है। इनमें 28 किमी सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी और 20 किमी बाईपास का निर्माण एनएचएआई करा रही है। पीडब्ल्यूडी को केंद्र सरकार से कुल 55 करोड़ रुपये मिले हैं। मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा के 48 किलोमीटर लंबे मार्ग को फोरलेन करने और उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी एनएचएआई ने ली थी। इस मार्ग का निर्माण कराने के लिए एनएचएआई की कार्यदायी संस्था ने हजारों पेड़ कटवाए, लेकिन निर्माण कार्यों में तेजी नहीं आ सकी। ऐसे में केंद्र और प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने फोरलेन के 28 किलोमीटर हिस्से को पीडब्ल्यूडी से कराने का निर्णय लिया। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने शर्त रखी कि एनएचएआई गड्ढों की पैचिंग करेगी तो विभाग सड़क का निर्माण कराएगा। एनएचएआई ने पौने चार करोड़ खर्च कर पैचिंग का काम कराया।

# महिला कल्याण निदेशक पहुंची जालौन, महिलाओं संग खेली होली

**जालौनः महिला** कल्याण निदेशक संदीप कौर बुधवार को जालौन पहुंची यहां पर उन्होंने एक कार्यक्रम में शिरकत की इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि युवतियों को महत्वाकांक्षी होना चाहिए और कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें वे पुरुषों से आगे निकलने की क्षमता न रखती हों। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि जब उनके घर में विवाह की चर्चा होती थी, तो वे कहती थीं कि अगर मेरे लिए आईएएस जीवन साथी की व्यवस्था आप कर सकें।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सशक्त करने और आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका माता की रहती है जो उन्हें निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्त्री जननी है और कोई पुरुष कितने भी ऊंचे स्थान पर ही क्यों न हो, अगर जननी नहीं होती तो उसका दुनिया में अस्तित्व ही संभव नहीं था। इस अवसर पर, सदभावना एकता मंच द्वारा आयोजित कर्मयोगिनी नारी सम्मान कार्यक्रम में 51 महिला संस्थाओं की 565 महिलाओं को कर्मयोगिनी नारी सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के बाद, महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर और अन्य अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं के साथ होली खेली।

# नेत्र कुंभ में 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ नेत्र परीक्षणः डॉ. प्रवीण कुमार

**लखनऊः प्रयागराज** महाकुंभ-2025 केवल आध्यात्मिक आस्था का संगम नहीं था, बल्कि इस दौरान आयोजित नेत्र कुंभ नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व मिसाल बन गया। नेत्र कुंभ अब तक के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान किया गया सबसे व्यापक नेत्र चिकित्सा अभियान था। इस दौरान लाखों लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण और नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं गयीं। यह बातें नेत्र कुंभ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी ने एक पत्रिका के कार्यक्रम में कही। डॉ. रेड्डी ने बताया नेत्र कुंभ के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 1.6 लाख लोगों को मुफ्त दृष्टि सुधार चश्मे प्रदान किए गए और 17,000 से अधिक लोगों को आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता थी इसकी तीव्र और सटीक सेवा 65% चश्मे वहीं के वहीं ऑर्डर पर बनाए गए और 97% चश्मे आठ घंटे के भीतर वितरित कर दिए गए। रिकॉर्ड समय में, सिर्फ 18 मिनट में चश्मा वितरण का अद्भुत उदाहरण भी देखने को मिला। इस अभियान की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि नेत्र कुंभ ने एक सुव्यवस्थित रेफरल प्रणाली स्थापित की, जिसके जरिए जिन श्रद्धालुओं को विशेष इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें देशभर के 240 से अधिक अस्पतालों से जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और संचालन दक्षता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302







